https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 186 | जयपुर, मंगलवार, 16 जून, 2026 । ज्येष्ठ अधिक मास, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2083 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### नोएडा एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ानों का आगाज



**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से सोमवार को वाणिज्यिक उड़ान संचालन की औपचारिक शुरुआत हो गई। इंडिगो की पहली उड़ान सुबह लखनऊ से जेवर पहुंची, जबकि कुछ देर बाद पहली उड़ान लखनऊ के लिए रवाना हुई। इस ऐतिहासिक उड़ान में जेवर क्षेत्र के 172 ग्रामीण भी सवार रहे, जिनकी भूमि एयरपोर्ट परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने इसे भारत के आधुनिक परिवहन ढांचे की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### सीकर में NEET अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**सीकर।** सीकर जिले में मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET) की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय अभ्यर्थी उमेश माली ने सोमवार को अपने फ्लैट में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उद्योग नगर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना से परिवार और कोचिंग नगरी में शोक की लहर है। उमेश नवलगढ़ के कारी गांव का निवासी था और अपनी मां, बड़ी बहन तथा छोटे भाई के साथ सीकर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है, 'मैं बहुत दूर जा रहा हूं, पता नहीं कहां जा रहा हूं, सॉरी।'

### यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। आयोग के अनुसार, कुल 13,343 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। यह परीक्षा 24 मई को आयोजित हुई थी। यूपीएससी ने बताया कि इस वर्ष 1,016 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। पिछले वर्ष 1,087 पदों के मुकाबले 14,161 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए चयनित हुए थे।

**प्रधानमंत्री मोदी को 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान:** 'ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित

# पीएम मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

■ भारत-स्लोवाकिया मित्रता को समर्पित किया पुरस्कार

**एजेंसी** | ब्राातिस्लावा

स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें भारत-स्लोवाकिया संबंधों को मजबूत बनाने और वैश्विक स्तर पर सहयोग को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान मिला यह सम्मान किसी विदेशी देश द्वारा पीए मोदी को दिया गया 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। सम्मान प्राप्त करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि वह इस प्रतिष्ठित सम्मान को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। 'यह सम्मान भारत के 140 करोड़ नागरिकों का सम्मान है। मैं इसे भारत और स्लोवाकिया की अटूट मित्रता तथा दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग को समर्पित करता हूं।' यह सम्मान भारत और स्लोवाकिया के बीच मजबूत होते आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है तथा यूरोप के साथ भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को भी रेखांकित करता है। ■ पेज 8 भी देखें



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित करते राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी।*

### भारत-स्लोवाकिया संबंधों को नई ऊंचाई, साझेदारी पर मुहर

भारत और स्लोवाकिया ने सोमवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देते हुए उन्हें 'व्यापक साझेदारी' (कॉम्प्रिहेंसिव पार्टनरशिप) के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, प्रवासन, उच्च शिक्षा और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की यह पहली यात्रा है। ऐसे में इस दौरे को दोनों देशों के संबंधों में एक ऐतिहासिक पड़ाव माना जा रहा है।



"यह यात्रा न केवल भारत और स्लोवाकिया के द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने वाली साबित हुई है, बल्कि यूरोप के साथ भारत की बढ़ती आर्थिक साझेदारी को भी नया बल प्रदान करेगी।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



"एफटीए समझौता दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी समझौतों में से एक है। स्लोवाकिया समझौते को जल्द लागू कराने के लिए हरसंभव सहयोग देगा।

**- रॉबर्ट फिको,** प्रधानमंत्री, स्लोवाकिया

### साझेदारी के 11 मजबूत स्तंभ

- श्रम प्रवासन और कुशल पेशेवरों की आवाजाही
- रक्षा सहयोग और रक्षा उद्योगों के बीच साझेदारी
- डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग
- उच्च शिक्षा और शैक्षणिक आदान-प्रदान
- क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में सहयोग
- सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल
- ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग
- परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी
- भूतापीय ऊर्जा विकास
- व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपाय
- नवाचार, स्टार्टअप और उन्नत प्रौद्योगिकी सहयोग

**MoU पर हस्ताक्षर, 19 को जारी होंगे दस्तावेज**

# अमेरिका-ईरान संघर्ष का अंत
# शांति समझौते पर सहमति

**एजेंसी** | वॉशिंगटन/तेहरान

पश्चिम एशिया में 107 दिन से जारी सैन्य टकराव के बीच अमेरिका और ईरान युद्ध समाप्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमत हो गए हैं। समझौते की सबसे पहले घोषणा मध्यस्थ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान की सरकार ने भी इसकी पुष्टि कर दी। ईरान और अमेरिका के बीच MoU पर भी डिजिटल साइन हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी स्पीकर कलिबाफ ने हस्ताक्षर किए। 19 जून को स्विट्जरलैंड में होने वाली बैठक में समझौते के दस्तावेज जारी होंगे। दोनों पक्ष युद्धविराम और समुद्री यातायात बहाल करने पर सहमत हुए हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अलग से बातचीत होगी।

ट्रंप ने समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को वाणिज्यिक जहाजों के लिए बिना किसी टोल के खोलने तथा अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी हटाने का आदेश दे दिया है। ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी समझौते की पुष्टि करते हुए कहा कि शुक्रवार को हस्ताक्षर होने तक तेहरान इसे औपचारिक रूप से लागू नहीं करेगा। कतर के प्रतिनिधियों के साथ 14 घंटे से अधिक चली बातचीत के बाद सहमति बनी।

■ ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से नाकेबंदी हटाने का आदेश दिया

■ ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अलग से की जाएगी बातचीत




### प्रमुख शर्तों पर सहमति

- समझौते के तहत ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाई जाएंगी तथा उसे अपने वित्तीय संसाधनों तक दोबारा पहुंच मिलेगी।
- 24 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियां जारी की जाएंगी, जिनमें 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराए जाएंगे।
- अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर की योजनाएं पेश करेंगे।
- लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त किया जाएगा, जबकि अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी और अतिरिक्त सैन्य तैनाती हटाई जाएगी।
- होर्मुज स्ट्रेट 30 दिनों में खोला जाएगा।
- परमाणु मुद्दों और प्रतिबंधों पर 60 दिनों की नई वार्ता होगी।
- ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

### इजराइल बोला... लेबनान से पीछे नहीं हटेंगे

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि इजराइली सेना लेबनान, सीरिया और गाजा पट्टी में कब्जाई गई जमीन से फिलहाल पीछे नहीं हटेगी। वहीं, इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने समझौते पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम अमेरिका के गुलाम नहीं है। यह समझौता इजराइल पर लागू नहीं होता।

### तेल बाजारों को राहत

घोषणा के बाद एशियाई कारोबार के शुरुआती दौर में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। होर्मुज के खुलने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों को राहत मिलने की उम्मीद है। शांति समझौते की खबरों से भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 736 अंक की तेजी के साथ 76,264 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 231 अंक की तेजी रही, ये 23,853 के स्तर पर बंद हुआ।

### संघर्ष खत्म होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को मिलेगी राहत



"अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने को लेकर बनी सहमति का मैं स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई और कई देशों में लोगों की जान गई। भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी तथा समुद्री मार्गों पर व्यापार और जहाजों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी रह सकेगी। हमें उम्मीद है कि बाकी बचे मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ेगी और आखिरकार एक स्थायी समझौते तक पहुंचा जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**नीट पेपर लीक धरने के दौरान हमला**

# शहीद स्मारक पर सीजेपी संस्थापक को जड़े थप्पड़






*कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके सभा को संबोधित करते हुए और उन्हें थप्पड़ जड़ते हुए युवक (इनसेट में)।* ***फोटो: राजेश कुमावत***

■ 5 युवक शांतिभंग में किए गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के शहीद स्मारक पर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब पार्टी संस्थापक अभिजीत दीपके पर कुछ युवकों ने थप्पड़ जड़ दिए। घटना के बाद धरना स्थल पर अफरा-तफरी फैल गई और प्रदर्शनकारियों व युवकों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। बाद में प्रदर्शनकारियों ने भी कथित हमलावर युवक की पिटाई कर दी। दीपके नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित धरने का नेतृत्व कर रहे थे। बताया गया कि समर्थक उन्हें कंधों पर बैठाकर मंच की ओर ले जा रहे थे, तभी कुछ युवक भीड़ में घुस आए और उन पर हमला कर दिया।


घटना के बाद मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच युवकों को शांतिभंग के आरोप में हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई है। हमले के बाद अभिजीत दीपके ने मंच से कहा कि यह उनके आंदोलन को दबाने की कोशिश है, लेकिन वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने 20 जून को दिल्ली कूच की घोषणा करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की बात कही। धरने के दौरान नारेबाजी को लेकर भी विवाद हुआ, जबकि कई प्रदर्शनकारियों ने मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत की।

**सांगानेर के शहरी सेवा शिविर पहुंचे मुख्यमंत्री, आमजन से लिया फीडबैक और बोले...**

# समस्याओं का अंतिम पड़ाव बन रहे शहरी सेवा शिविर

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सांगानेर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और शिविर की कार्यप्रणाली को लेकर फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का भी अवलोकन किया तथा नामांतरण, भू-उपयोग परिवर्तन, भवन निर्माण स्वीकृति, सीवर कनेक्शन, सड़कों और स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत जैसे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के अंतिम पड़ाव साबित हो रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



*सांगानेर में 'शहरी सेवा शिविर' में लाभार्थी को चेक वितरित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। साथ में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और स्वायत्त शासन विभाग के सचिव रवि जैन।*

### सीएम ने लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति पत्र तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सहायता राशि के चेक वितरित किए। इसके अलावा विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने सरकार की जनहितकारी योजनाओं और शिविरों के माध्यम से मिल रही सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, जयपुर नगर निगम तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**आरटीआई कार्यकर्ता को नहीं मिली राहत**

# RTI आवेदन दायर करना नया धंधा बन गया है: सुप्रीम कोर्ट



**बेधड़क** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सड़क निर्माण कार्य में सरकारी कर्मचारी के कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने के आरोपी एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत आवेदन दायर करना अब 'नया धंधा' बन गया है। न्यायाधीश संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार बहल और एक अन्य आरोपी की याचिका खारिज करते हुए सड़क निर्माण कार्य की निगरानी में उनकी भूमिका पर सवाल उठाए। केंद्र सरकार ने सड़क निर्माण के लिए धन जारी किया है और उसकी निगरानी के लिए संबंधित एजेंसियां मौजूद हैं, ऐसे में याचिकाकर्ताओं की कोई भूमिका नहीं बनती।

### निगरानी का अधिकार किसने दिया?

पीठ ने टिप्पणी की कि हर सड़क निर्माण की निगरानी करने का अधिकार किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। न्यायालय ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता कोई अधिकृत अधिकारी है, जो ऐसे कार्यों की देखरेख करे। मामला पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में सड़क निर्माण कार्य में कथित हस्तक्षेप से जुड़ा है। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपियों ने निर्माण कार्य में बाधा डाली, कर्मचारियों और मजदूरों को धमकाया तथा शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय भी पहले उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका है।

## जरूरी खबर

### निकाय चुनाव: EC ने राज्य सरकार को भेजा रिमाइंडर

**जयपुर।** पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव निर्धारित समय सीमा में कराने का मामला एक बार फिर अधर में लटकता नजर आ रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार को दोबारा पत्र लिखकर आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का अनुरोध किया है। आयोग ने रिमाइंडर भेजते हुए कहा है कि आरक्षण तय होने के बाद ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा सकेगा और न्यायालय के निर्देशों की पालना सुनिश्चित हो पाएगी। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार इस मामले में महाधिवक्ता से कानूनी राय ले रही है। ऐसे में चुनावों को लेकर एक बार फिर पसोपेश की स्थिति बन गई है।

### यातायात नियम तोड़ने पर 7,721 वाहनों पर कार्रवाई

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए चलाए जा रहे राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत एक ही दिन में 7,721 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। 1 से 30 जून तक चल रहे इस अभियान में पुलिस अवैध वाहन संशोधन, काली फिल्म, हूटर, प्रेशर हॉर्न और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वालों पर सख्ती बरत रही है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चल रहे अभियान में सबसे अधिक 2,853 वाहन काली फिल्म लगे हुए पाए गए। इसके अलावा 726 वाहन अवैध संरचनात्मक परिवर्तन वाले, 674 अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती व हूटर वाले, 438 प्रेशर हॉर्न वाले, 1,041 अनाधिकृत शब्द या चिह्न वाले तथा 1,989 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई।

### 84 लाख लोगों तक पहुंचा खाद्य सुरक्षा का लाभ



**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ में एनएफएसए लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य में चलाया गया गिव अप अभियान सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से 84 लाख लोगों की लाभ व्यवस्था को पुनर्संतुलित कर वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया है। गोदारा ने कहा कि पहले अपात्र लोग भी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे थे, जबकि पात्र वंचित रह जाते थे। इस स्थिति को सुधारने के लिए 1 नवंबर 2024 से अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 82 लाख से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ा।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर भाजपा का तीखा पलटवार, सांसद घनश्याम तिवाड़ी बोले...

# राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए गहलोत कर रहे बयानबाजी

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भाजपा और आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने संबंधी बयान को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर गहलोत पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गहलोत का बयान राजनीतिक हताशा, चुनावी पराजयों की बौखलाहट और अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने की कोशिश का परिणाम है। तिवाड़ी ने आरोप लगाया कि गहलोत कांग्रेस के नेता की बजाय मुस्लिम लीग के प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं।



*प्रेस वार्ता को संबोधित करते घनश्याम तिवाड़ी। साथ में मौजूद संगठन प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी और श्रवण सिंह बगड़ी।*

कांग्रेस ने वर्षों तक तुष्टिकरण की राजनीति की है और आज भी उसी रास्ते पर चल रही है। गहलोत को अपने बयान के लिए हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने इतिहास में झांकना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 1916 के लखनऊ समझौते से लेकर खिलाफत आंदोलन तक कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के साथ समझौते किए, जिनकी परिणति देश के विभाजन के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा कि दुनिया में धर्म के आधार पर विभाजित होने वाला भारत एकमात्र देश है और इसके लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदार रही हैं। विभाजन के बाद भी कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति नहीं छोड़ी।

### 1948 में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाकर भी झुकना पड़ा था कांग्रेस को

तिवाड़ी ने कहा कि 1948 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन बाद में उसे हटाना पड़ा। इसी तरह 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल थोपकर लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने उसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आज आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और कांग्रेस की बयानबाजी का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक सुधारों के जरिए लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का काम किया। भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने के आरोपों को खारिज करते हुए तिवाड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों को मिला है।

### राजस्थान में पेयजल संकट के लिए गहलोत जिम्मेदार: शेखावत



जोधपुर में पेयजल संकट को लेकर गहलोत के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान और विशेष रूप से जोधपुर की जल समस्या के लिए यदि कोई जिम्मेदार है तो वह केवल अशोक गहलोत हैं। शेखावत ने कहा कि उनके जलशक्ति मंत्री रहते राजस्थान को देश में सबसे अधिक संसाधन दिए गए, लेकिन गहलोत सरकार ने टेंडर प्रक्रिया को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। जनता आज भी वह दौर नहीं भूली जब पानी के लिए लोगों को गड्ढे खोदकर मोटर से पानी निकालना पड़ता था। गहलोत द्वारा बार-बार सरकार गिराने की साजिश के आरोप लगाने पर शेखावत ने कहा कि वे इसका एक भी प्रमाण पेश नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि गहलोत खुद षड्यंत्र रचते हैं, अपने विधायकों को परेशान करते हैं और फोन टैपिंग तक करवाते हैं, लेकिन आरोप दूसरों पर लगाते हैं।

## नीट री-एग्जाम पर सख्ती: 27 शहरों में परीक्षा केंद्र, हेल्पलाइन जारी

# पेपर लीक रोकने को प्रशासन अलर्ट, पुलिस की कड़ी निगरानी

■ **प्रदेश में 2.09 लाख अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**बेधड़क** | जयपुर

नीट (यूजी)-2026 री-एग्जामिनेशन को लेकर प्रदेश में प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के पारदर्शी और सुरक्षित संचालन के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकों का दौर जारी है।

पेपर लीक और नकल जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा से जुड़े हर चरण पर निगरानी रखी जाएगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई होगी।

सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में देशभर के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में परीक्षा सामग्री की सुरक्षा, उसके परिवहन, कानून-व्यवस्था और परीक्षा संचालन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।



*पुलिस मुख्यालय में बैठक लेते डीजीपी राजीव कुमार शर्मा। साथ में डीजी (स्पेशल) आनंद श्रीवास्तव, एडीजी रूपिंद्र सिंह, आईजी अजयपाल लांबा, एसपी (साइबर क्राइम) सुमित मेहरड़ा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी।*

### प्रभारी सचिवों को सौंपी जिम्मेदारी

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि परीक्षा में प्रदेश के करीब 2.09 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए 27 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुरक्षित संचालन के लिए राज्य और जिला स्तर पर समन्वय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समितियों को एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जिन जिलों में नीट परीक्षा आयोजित होनी है, वहां प्रभारी सचिवों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है।

### गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान की आधारशिला मजबूत कानून-व्यवस्था है। डीजीपी ने सभी जिलों को निर्देश दिए कि नीट परीक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना तय की जाए। परीक्षा केंद्रों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी रखी जाए। साथ ही, संगठित अपराध, परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर

पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह, फर्जी सूचना, पेपर लीक से जुड़ी गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने एंटी-चीटिंग हेल्पलाइन 9530429258 जारी की है, जहां अभ्यर्थी या आम नागरिक परीक्षा से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने भी रेंज स्तर पर 8764514102 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

### दोहराई न जाए गलती

पिछले वर्षों व दिनों में सामने आए पेपर लीक और परीक्षा विवादों के बाद इस बार सरकार और प्रशासन किसी भी तरह की चूक नहीं चाहता। यही वजह है कि मुख्यमंत्री स्तर से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक लगातार निगरानी की जा रही है।

### जयपुर में 103 परीक्षा केंद्रों पर 37 हजार से अधिक छात्र होंगे शामिल

जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में 103 परीक्षा केंद्रों पर 37,788 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 19 निजी और 84 सरकारी विद्यालय शामिल हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने परीक्षा केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस की ओर से एडीसीपी आलोक शर्मा और जिला प्रशासन की ओर से एडीएम ईस्ट नरेंद्र वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हर केंद्र पर एसआई या एएसआई स्तर के अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है।

## निरीक्षकों को नोटिस पर संघ का विरोध

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई पर RTO में घमासान



फाइल फोटो

**बेधड़क** | जयपुर

आरटीओ प्रथम कार्यालय में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर परिवहन निरीक्षकों और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रतिदिन निर्धारित ओवरलोड चालान नहीं करने के आरोप में 10 परिवहन निरीक्षकों को 17 सीसीए के तहत नोटिस जारी किए। परिवहन निरीक्षक संघ ने नोटिस का कड़ा विरोध जताया है। संघ का कहना है कि मौखिक निर्देशों के आधार पर कार्रवाई कर निरीक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक संघ के अध्यक्ष रॉबिन सिंह ने कहा कि निरीक्षकों की सप्ताह में सातों दिन ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन इसके बावजूद कोई हार्ड ड्यूटी अलाउंस नहीं दिया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि उड़नदस्तों में साझा संसाधनों के बावजूद अन्य अधिकारी पांच दिन कार्य करते हैं, जबकि निरीक्षकों पर अधिक दबाव डाला जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इसी तरह दबाव बनाया गया तो मामले को न्यायालय तक ले जाया जाएगा।

विभागीय स्तर पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई की असमानता सामने आने के बाद जांच भी शुरू हो गई है। परिवहन अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार 9 इंस्पेक्टर्स की टीम ने मिलकर केवल 4 ओवरलोड वाहनों के चालान बनाए, जबकि 4 अन्य निरीक्षकों ने 20 से अधिक मामलों में कार्रवाई की। टोल प्लाजा डेटा से यह भी सामने आया है कि मार्गों से सैकड़ों ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई सीमित रही। उन्होंने कहा चार फ्लाइंग स्क्वॉड का एक दिन का कुल कंपाउंडिंग फीस संग्रह मात्र 25 हजार रुपए रहा, जबकि प्रत्येक टीम पर प्रतिदिन 10 हजार रुपए का खर्च आता है। इस असंतुलन ने अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### VLTD से होगी निगरानी

किशनगढ़ से मार्बल और टोंक क्षेत्र से ओवरलोड वाहनों के संगठित संचालन की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने निगरानी और सख्ती बढ़ाने का निर्णय लिया है। परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा के निर्देश पर आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने विशेष अभियान शुरू किया है। अब वीएलटीडी प्रणाली के जरिए वाहनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## डीजीपी की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक

# झूठे केस करने वालों पर करें कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

डीजीपी राजीव शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी रेंज आईजी, जिला एसपी ने भाग लिया। बैठक दोपहर 3 बजे शुरू हुई, जो शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान डीजीपी शर्मा ने कहा कि राज्य में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।



उन्होंने धमकी देकर वसूली करने वाले गिरोहों पर विशेष अभियान चलाने तथा नवीन आपराधिक कानूनों के तहत अपराधियों की संपत्तियों को जब्त करने पर जोर दिया। साथ ही, गैंगस्टरों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने और उनके बैंक खातों व वित्तीय लेन-देन पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में नशा तस्करी, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी जैसे मामलों पर भी चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा समीक्षा के दौरान डीजीपी ने राष्ट्रीय राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में लेन अनुशासन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना आवेदन में जयपुर सबसे आगे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों की आस्था और सुविधा को जोड़ने वाली देवस्थान विभाग की तीर्थ यात्रा योजना-2026 इस बार रिकॉर्ड भागीदारी के साथ चर्चा में है। योजना के लिए कुल 1,14,579 आवेदन प्राप्त हुए हैं, लेकिन इन आवेदनों के जरिए 1,92,313 वरिष्ठ नागरिकों ने तीर्थ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यह संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है। इस बार योजना की सबसे बड़ी खासियत हवाई यात्रा को लेकर बुजुर्गों की बढ़ती रुचि है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत के अनुसार 1,10,413 वरिष्ठ नागरिकों ने ट्रेन के बजाय हवाई मार्ग से तीर्थ दर्शन की इच्छा जताई है। जिलावार आंकड़ों में जयपुर एक बार फिर सबसे आगे रहा है, जहां से 13,063 आवेदन आए हैं। इसके बाद जोधपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर जैसे बड़े जिलों से भी हजारों आवेदन दर्ज किए गए हैं। वहीं, फलोदी जिले से सबसे कम 559 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल मिलाकर राज्य के सभी 41 जिलों से आवेदन आए हैं जो योजना की व्यापक पहुंच को दर्शाता है।

## बेधड़क TOON




## कांग्रेस की 'शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ' महारैली कोटा में 17 जून को

# राहुल के छात्र संवाद को लेकर कांग्रेस की तैयारियां तेज

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं, अधूरी भर्तियों और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी छात्र आंदोलन 'शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ' को लेकर 17 जून को कोटा में महारैली होगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दशहरा मैदान स्थित श्रीराम रंगमंच में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम में युवाओं और छात्रों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हाड़ौती के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है और तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कोटा की एक होटल में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, अशोक चांदना, प्रहलाद गुंजल, विधायक अमीन कागजी सहित हाड़ौती क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। वहीं, गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान प्रभारी दीप्ति सिंह और शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम ने संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की।



*महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक लेते पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, अशोक चांदना, राखी गौतम व अन्य कांग्रेस नेता।*

### युवाओं के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने की तैयारी



महिला कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान प्रभारी दीप्ति सिंह ने कहा कि कोटा देशभर के लाखों विद्यार्थियों का केंद्र है, इसलिए यहां से अभियान की शुरुआत विशेष महत्व रखती है। विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि केंद्र सरकार की नाकामी के कारण करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर लग रहा है। नीट समेत विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार हो रहे पेपर लीक, परीक्षा फीस, अटकी भर्तियां और बेरोजगारी ने युवाओं का भरोसा तोड़ दिया है।

### कांग्रेस राहुल के नेतृत्व में हार का शतक पूरा करने की ओर: तिवाड़ी



सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने राहुल गांधी को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का सदस्य बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और भविष्य में भी जनता उन्हें सत्ता नहीं सौंपेगी। तिवाड़ी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनावी हार का शतक पूरा करने की ओर बढ़ रही है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा कि जनता अब केवल नारों और आरोप-प्रत्यारोप से प्रभावित होने वाली नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी युवाओं के मुद्दों पर बात कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान भी कई भर्ती परीक्षाएं विवादों और पेपर लीक की घटनाओं से घिरी रही थीं।

# सेई बांध टनल परियोजना का मंत्री ने किया निरीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

पश्चिमी राजस्थान के जल संकट को राहत देने वाली सेई बांध टनल विस्तार परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को कोटड़ा पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सुरंग के भीतर जाकर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अब तक हुए कार्य, तकनीकी पहलुओं और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। 6.7 किलोमीटर लंबी इस टनल को चौड़ा करने के लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है। पिछले तीन वर्षों से चल रहे इस कार्य का लगभग



95 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है, जबकि केवल 90 मीटर का कार्य शेष है। मंत्री ने निर्देश दिए कि शेष कार्य को 15 जुलाई तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता और श्रमिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। परियोजना पूरी होने के बाद टनल की जल निकासी क्षमता 328 क्यूसेक से बढ़कर 1376 क्यूसेक हो जाएगी।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने 3 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त



**जयपुर।** जेडीए ने अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही तीन बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जेडीए के अनुसार सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-11 के अंतर्गत ग्राम कपूरावाला में करीब 3 बीघा तथा ग्राम खातीपुरा में 6 बीघा निजी कृषि भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति और भू-रूपांतरण के अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही थीं।

### युवक पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क, जयपुर।** अशोक नगर थाना पुलिस ने 22 गोदाम पुलिया के पास बाइक सवार युवक पर फायरिंग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, चार कारतूस तथा वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है। डीसीपी (पूर्व) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आफताब उर्फ बाबा निवासी अमृतपुरी कॉलोनी, घाटगेट, फैजान उर्फ डीके निवासी आदर्श नगर तथा सुबान उर्फ लोट्या निवासी गांधी विहार, खोह नागोरियान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 10 जून की रात करीब 2:50 बजे 22 गोदाम पुलिया के पास बाइक सवार शाहिद कुरैशी पर फायरिंग की गई थी। गोली शाहिद की जांघ में लगी थी।

### कम आय वाले परिचालकों पर होगा एक्शन

**बेधड़क, जयपुर।** रोडवेज ने आय लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले सिविल डिफेंस परिचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। निगम मुख्यालय ने सभी आगार प्रबंधकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिन सिविल डिफेंस परिचालकों की औसत आय 38.50 रुपए प्रति किमी से कम है, उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए। मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार रोडवेज की आय बढ़ाने तथा परिचालन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। प्रदर्शन की समीक्षा में निर्धारित मानक से पीछे रहने वाले परिचालकों को हटाकर उनकी जगह नए सिविल डिफेंस परिचालकों की नियुक्ति की जाएगी।

**अब एक ही छत के नीचे होगा हृदय रोगों का इलाज, जांच और सर्जरी... पहले चरण में ECG, 2D इको और TMT सेवाएं शुरू**

# एसएमएस अस्पताल के कार्डियक टावर का ट्रायल रन शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मान सिंह (SMS) अस्पताल में बहुप्रतीक्षित कार्डियक टावर का ट्रायल रन सोमवार से शुरू हो गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने टावर को चरणबद्ध तरीके से संचालित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रायल रन के पहले चरण में हृदय रोगियों के लिए ईसीजी, 2D इको और ट्रेडमिल टेस्ट (TMT) जैसी महत्वपूर्ण जांच सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। SMS मेडिकल



कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी और कार्डियक टावर के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा की निगरानी में यह पूरी प्रक्रिया संचालित की जा रही है। अस्पताल प्रशासन का लक्ष्य है कि अगले माह जुलाई से कार्डियक टावर में नियमित ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी जाएं, जबकि अगस्त माह से ऑपरेशन थिएटर में हृदय संबंधी सर्जरी भी प्रारंभ हो जाए।

कार्डियक टावर के शुरू होने से राजस्थान के लाखों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक हृदय रोगों से संबंधित जांच, उपचार और सर्जरी के लिए मरीजों को अलग-अलग विभागों में जाना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती थी। नए टावर के शुरू होने के बाद मरीजों को एक ही परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि हृदय रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह टावर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार का लाभ मिलेगा।

> फिलहाल ट्रायल रन के तहत सीमित सेवाएं शुरू की गई हैं, ताकि व्यवस्थाओं और उपकरणों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जा सके। प्रशासन की कोशिश है कि जुलाई से नियमित ओपीडी सेवाएं प्रारंभ हो जाएं और उसके बाद आईपीडी सेवाएं भी शुरू कर दी जाएं। कार्डियक टावर के पूर्ण रूप से शुरू होने के बाद मरीजों को दिल की बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
>
> **-डॉ. दीपक माहेश्वरी,** प्राचार्य, SMS मेडिकल कॉलेज

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा टावर

कार्डियक टावर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियोथोरेसिक सर्जन और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ट्रायल रन के दौरान स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है तथा सभी मशीनों और उपकरणों की नियमित जांच की जा रही है। नोडल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि टावर को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने की तैयारी अंतिम चरण में है। सभी तकनीकी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है, ताकि सेवाओं के नियमित संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। जुलाई से ओपीडी और अगस्त से सर्जरी शुरू होने के बाद यह टावर प्रदेश में हृदय रोग उपचार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मौजूदा समय में सवाई मान सिंह अस्पताल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के लिए चार कैथ लैब मौजूद हैं। वहीं, अब इस सेंटर के बनने के बाद कैथ लैब की संख्या बढ़कर छह हो गई है।

**पैसों के लेन-देन को लेकर बिजनेसमैन का मर्डर**

# करोड़ों के हिसाब ने छीनी जिंदगी

# दोस्त निकला कातिल

- **उधारी में विवाद, लात मारी तो पत्थर से टकराया सिर, मौके पर ही तोड़ा दम**
- **हत्या के बाद शव को कार में रखकर दो दिन तक घुमाता रहा आरोपी**

**बेधड़क** | जयपुर

शिवदासपुरा थाना इलाके में रुपए के लेन-देन के विवाद के चलते एक बिजनेसमैन की हत्या कर दी गई। दो दिन से लापता बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर हरिशंकर शर्मा (40) निवासी विधाणी का शव सोमवार सुबह सड़क किनारे खड़ी कार से बरामद हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

परिजनों के अनुसार हरिशंकर शनिवार सुबह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शाम करीब 7 बजे से उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। बताया गया कि वह अक्सर गोनेर स्थित अपने प्लॉट पर जाकर सोता था। अगले दिन जब परिजन वहां पहुंचे तो हरिशंकर नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। रविवार दोपहर शिवदासपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सोमवार सुबह कार में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया।

मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। शव को प्लास्टिक के कट्टों और बोरे में बांधकर रखा गया था। घर से करीब 200 मीटर दूर कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। परिजनों का आरोप है कि हरिशंकर की हत्या उसके दोस्त सीताराम खोज ने की है। दोनों के बीच बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई के पैसों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि करीब एक करोड़ रुपए के लेन-देन को लेकर हत्या की गई। इस मामले में मृतक के छोटे भाई प्रह्लाद ने हत्या का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में 50 लाख रुपए की उधारी को लेकर भाई की हत्या करने के आरोप लगाए गए हैं। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी सीताराम को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पूछताछ में सीताराम ने दावा किया कि हरिशंकर पर उसके 6 लाख रुपए बकाया थे।



*कार से साक्ष्य जुटाती एफएसएल टीम।*



### चारे के ढेर में छिपाया शव

हत्या के बाद आरोपी ने शव को अपने बाड़े में गाय-भैंस के चारे के ढेर में छिपा दिया। इसके बाद वह शव को ठिकाने लगाने की कोशिश करता रहा। रविवार को शव को कट्टों में भरकर कार की डिक्की में रखा गया और देर रात तक अलग-अलग जगह घूमता रहा, लेकिन शव ठिकाने लगाने में सफल नहीं हो सका।

### सुबह दोस्त को बुलाया और खुल गया पूरा मामला

सोमवार सुबह आरोपी ने शव ठिकाने लगाने के लिए एक दोस्त को बुलाया। जैसे ही दोस्त को कार में शव होने का पता चला, उसने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। इसी दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

हरिशंकर की पत्नी का वर्ष 2016 में एक सड़क हादसे में निधन हो चुका था। वह अपनी तीन बेटियों का पालन-पोषण कर रहा था। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में गहरा शोक छा गया है।

### बहस में बढ़ा विवाद

शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हरिशंकर और सीताराम दोस्त थे। दोनों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ, जो मारपीट में बदल गया। इसी दौरान लगी चोट से हरिशंकर की मौत हो गई।

### झगड़े के दौरान गुस्से में गई जान

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक विधाणी में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाता था। पास ही सीताराम खोज एक हॉस्टल संचालित करता है। शनिवार शाम दोनों हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर स्थित पशुओं के बाड़े में बैठकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान पैसों को लेकर विवाद बढ़ गया। झगड़े के दौरान हरिशंकर ने आरोपी की उंगली काट ली, जिसके बाद गुस्से में सीताराम ने उसे लात मार दी। गिरने के दौरान हरिशंकर का सिर पत्थर से टकरा गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**दीपक को इंसाफ और नर्सों की बहाली को लेकर प्रदर्शन**

# त्रिमूर्ति सर्किल पर श्रद्धांजलि सभा, SMS पर धरना-प्रदर्शन




*त्रिमूर्ति सर्किल पर विरोध प्रदर्शन करते नर्सिंगकर्मी। -फोटो: राजेश कुमावत।*

**बेधड़क** | जयपुर

संविदा नर्सिंगकर्मी दीपक की आत्महत्या के मामले में आश्रित को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने तथा राज्यभर में सेवा से हटाए गए करीब 3 हजार संविदा नर्सिंग कर्मियों की पुनर्बहाली की मांग को लेकर राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर चौथे दिन भी धरना जारी रहा, जबकि त्रिमूर्ति सर्किल पर दीपक को श्रद्धांजलि अर्पित कर न्याय की मांग उठाई गई। जनाना चिकित्सालय के नर्सिंग कर्मियों ने सुबह 8 से 10 बजे तक विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है और मंगलवार को मनोचिकित्सालय के नर्सेज राकेश शर्मा एवं लोकेश कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन करेंगे। समिति के अनुसार अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, दौसा और झालावाड़ सहित प्रदेश के करीब 18 जिलों में भी संविदा नर्सिंग कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर दीपक को न्याय दिलाने तथा हटाए गए कर्मचारियों की पुनर्बहाली की मांग की। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### जगतपुरा-सीतापुरा में बिजली आपूर्ति होगी बेहतर

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर शहर के तेजी से विकसित हो रहे आवासीय एवं औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने जगतपुरा और सीतापुरा-द्वितीय 33/11 केवी सब-स्टेशनों पर 8-8 एमवीए क्षमता के दो नए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए हैं। इससे इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू, गुणवत्तापूर्ण और ट्रिपिंग रहित हो सकेगी।

जयपुर नगर वृत्त (दक्षिण) के अधीक्षण अभियंता अनिल टोडवाल ने बताया कि बढ़ते विद्युत भार को संतुलित करने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह क्षमता वृद्धि की गई है। नए ट्रांसफार्मरों के चालू होने से लो-वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी तथा गर्मी और पीक आवर्स के दौरान भी ओवरलोडिंग की स्थिति नहीं बनेगी।

**शव को ठिकाने लगाने की थी तैयारी**

# अवैध संबंधों के शक में की थी मासूम की हत्या

**बेधड़क** | जयपुर

हरमाड़ा थाना इलाके में तीन दिन पहले 5 वर्षीय मासूम की हत्या करने वाली महिला ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे मृतक बच्ची की मां और उसके पति के बीच अवैध संबंध होने का शक था। अंधेरा होने पर वह बच्ची के शव को सुनसान जगह पर फेंकने वाली थी, लेकिन इससे पहले ही पकड़ी गई।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि बच्ची दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही घर के बाहर निकली, गुड़िया उसे लालच देकर अपने घर ले गई। इसके बाद उसने पहले बच्ची का गला दबाया और फिर उसके कपड़े उतारकर उसे कंबल में लपेटकर बेड में छिपा दिया। बेड में दबाने तक बच्ची की सांसें चल रही थीं, लेकिन बाद में दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

आरोपी बाद में शव को पड़ोस के खाली प्लॉट में फेंकने वाली थी।



गिरफ्तार गुड़िया (30) मूल रूप से भरतपुर की रहने वाली है, जो अपने पति अफरोज उर्फ फिरोज के साथ बैनाड़ रोड स्थित श्याम वाटिका में रह रही थी। गुड़िया के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र 4 और 6 वर्ष बताई जा रही है। शुरुआत में कॉलोनी के लोगों ने पानी की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने की जानकारी दी थी। हालांकि, पुलिस पूछताछ में गुड़िया ने बताया कि उसे बच्ची की मां और उसके पति के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी कारण वह उससे रंजिश रखती थी।

# फिर बदला मौसम




**बेधड़क** | जयपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी जयपुर सहित पूर्वी, उत्तरी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के अनेक जिलों में तेज हवाओं, धूलभरी आंधी, मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां देखने को मिलीं। मौसम विभाग ने आगामी चार से पांच दिनों तक कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र में मौसम का सबसे असर देखने को मिला। झुंझुनूं, चूरू और आसपास के इलाकों में तेज धूलभरी आंधी और रेतीले बवंडरों ने पूरे आसमान को ढक लिया। मौसम केंद्र के अनुसार जयपुर शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**फर्जी डिग्री रैकेट का बड़ा खुलासा**

# नेपाल तक भागा, फिर भी नहीं बच पाया इनामी वारंटी

**बेधड़क** | जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री और अंक तालिका रैकेट में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रितेश कुमार सिंह, निवासी मंझरिया गंगा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी पर विभिन्न विश्वविद्यालयों से हजारों छात्रों को बैकडेट में अवैध तरीके से डिग्रियां और मार्कशीट उपलब्ध कराने का आरोप है।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में कई अभ्यर्थियों द्वारा संदिग्ध शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर चयनित होने की शिकायत मिली थी। जांच में खुलासा हुआ कि दलालों और विश्वविद्यालयों के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से बैकडेट में दस्तावेज तैयार कराए गए थे।



*रितेश कुमार सिंह*

जांच के दौरान ओपीजेएस विश्वविद्यालय, चूरू और जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से जुड़े कई अहम नाम सामने आए। अब तक इन संस्थानों के चांसलर, संचालक और पूर्व रजिस्ट्रार समेत 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 9 अप्रैल 2025 को ओपीजेएस विश्वविद्यालय में एसओजी की कार्रवाई के बाद रितेश अपनी संस्था छोड़कर फरार हो गया था। उसकी तलाश में लगातार दबिश दी गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में अदालत से उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कराया गया और 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। जांच एजेंसियों के अनुसार रितेश कुमार सिंह अपने सहयोगी प्रमोद पारीक के साथ मिलकर लखनऊ स्थित 'पीआर ग्रुप ऑफ एजुकेशनल सर्विसेज' के जरिए नेटवर्क संचालित कर रहा था।

### लगातार ठिकाने बदलता रहा आरोपी

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा। पूछताछ में सामने आया कि वह करीब दो वर्षों तक भारत और नेपाल के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर छिपकर रह रहा था। एसओजी टीम ने लखनऊ, आगरा और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी और तकनीकी पड़ताल के बाद उसे धर दबोचा। पूछताछ में रितेश ने स्वीकार किया है कि उसने हजारों छात्रों को अलग-अलग विश्वविद्यालयों से फर्जी तरीके से बैकडेट में विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां और अंकतालिकाएं उपलब्ध करवाई थीं।

**एसआई भर्ती परीक्षा-2021**

### मास्टरमाइंड हर्षवर्धन मीणा का भाई अरेस्ट

एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने पेपर लीक के मास्टरमाइंड हर्षवर्धन कुमार मीणा के भाई पुष्पेंद्र कुमार मीणा को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 से पहले हर्षवर्धन कुमार मीणा ने लीक प्रश्नपत्र का सौदा स्वरूपचंद मीणा से 45 लाख रुपए में किया था। इसके बाद स्वरूपचंद के बेटे बृजेश कुमार मीणा को पुष्पेंद्र कुमार मीणा के माध्यम से सॉल्व्ड पेपर पढ़ाया गया। गिरफ्तार आरोपी पुष्पेंद्र पहले फायरमैन चालक के पद पर कार्यरत था। जांच में यह भी सामने आया है कि उसके खिलाफ वर्ष 2023 में अजमेर के सिविल लाइंस थाने में एक अन्य एफआईआर दर्ज है। उस पर राजस्व अधिकारी ग्रेड-2 और अधिशासी अधिकारी ग्रेड-4 भर्ती परीक्षा-2022 में जन्मतिथि में हेरफेर कर अपनी जगह किसी अन्य व्यक्ति को डमी अभ्यर्थी बनाकर परीक्षा दिलवाने का भी आरोप है।



*पुष्पेंद्र कुमार मीणा*

## जरूरी खबर

### डिकॉय ऑपरेशन के बाद 4 एसएचओ को नोटिस

**जयपुर।** जयपुर रेंज में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के बाद 4 थाना प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने अभियान के दौरान सभी एसएचओ को निर्देश दिए थे कि अभियान के बाद किसी थाना क्षेत्र में ड्रग्स तस्कर सक्रिय मिले तो थाना अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। अभियान के बाद डिकॉय ऑपरेशन करवाया। इसके बाद सीकर जिले के उद्योग नगर थाना प्रभारी राजेश कुमार, दांतारामगढ़ थाना प्रभारी जय सिंह बसेरा, रींगस थाना प्रभारी दिलीप मीणा तथा दौसा कोतवाली थाना प्रभारी भगवान सहाय को कारण बताओ नोटिस दिए।

### नीट पेपर लीक को लेकर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बाड़मेर।** नीट पेपर लीक, महंगाई, पानी-बिजली और अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर सोमवार को यूथ कांग्रेस ने जन आक्रोश रैली निकालकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। रैली में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मणसिंह गोदारा और अन्य नेता शामिल हुए। आदर्श स्टेडियम में सभा के बाद कार्यकर्ता ऊंट गाड़ी पर सवार होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कई कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता बेरिकेड्स पर चढ़ गए, जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

### सांप के डसने से दंपती की मौत, बेटा अस्पताल में भर्ती

**बाड़मेर।** जिले के चौहटन उपखंड के सीमावर्ती फागलिया गांव में अत्यंत विषैले पीवणा करैत सांप ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को डस लिया। सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनका पांच वर्षीय पुत्र जोधपुर एम्स में भर्ती है। जानकारी के अनुसार श्रवणराम (28), उनकी पत्नी लाछी देवी (25) और पुत्र विकास (5) शनिवार रात घर के बाहर खाट पर सो रहे थे। इसी दौरान करैत सांप ने तीनों को डस लिया। परिजन उन्हें तुरंत सेड़वा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां लाछी देवी की मौत हो गई, जबकि गंभीर हालत में रेफर किए गए श्रवणराम ने रास्ते में दम तोड़ दिया। विकास का उपचार जारी है।

## विमान हादसे में हुए थे शहीद, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

# शहीद खेमाराम की राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि, उमड़े लोग

**बेधड़क** | जयपुर

असम के जोरहाट स्थित भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान हादसे में शहीद हुए अग्निवीर (वायु) खेमाराम कुमावत का पार्थिव शरीर सोमवार को विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट लाया गया।

एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधि मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मंजू शर्मा, जिला कलक्टर संदेश नायक और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जय राठौड़ उपस्थित रहे।



शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर नमन करते मंत्री जोगाराम पटेल।

सभी ने शहीद के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। एयरपोर्ट से शहीद का पार्थिव शरीर सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पांचोता (जिला डीडवाना-कुचामन) ले जाया गया। मार्ग में नावां के सांभर चौराहे से हेमपुरा मार्ग होते हुए लगभग 5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारों के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### वर्ष 2022 में हुए वायुसेना में भर्ती

खेमाराम कुमावत का जन्म पांचोता के कलाली नदी क्षेत्र में हुआ था। वर्ष 2022 में अग्निवीर योजना के तहत उनका भारतीय वायु सेना में चयन हुआ था। इससे पहले 2020 में भी उनका चयन हुआ था लेकिन भर्ती प्रक्रिया रद्द होने से उनका सपना कुछ समय के लिए रुक गया था। परिजनों के अनुसार खेमाराम चार भाई-बहन हैं और परिवार का जुड़ाव लंबे समय से देश सेवा से रहा है। उनके बड़े भाई सीआईएसएफ में और छोटे भाई सीआरपीएफ में कार्यरत हैं। शहीद की 1 जुलाई को सगाई तय थी, लेकिन उससे पहले यह दुखद हादसा हो गया। विमान हादसे में खेमाराम सहित कुल पांच जवान शहीद हुए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

## अमावस्या को दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

# देव दर्शन के सफर में थम गई 9 लोगों की सांसें, सात घायल

**बेधड़क** | बीकानेर/ नागौर

प्रदेश में सोमवार को हुए दो भीषण सड़क हादसों ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। बीकानेर और नागौर जिलों में हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए।

बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर हेमासर फांटे के पास कार और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत में हरियाणा के फतेहाबाद निवासी एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक दो वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं नागौर जिले के मेड़ता क्षेत्र में जसनगर के पास लूनी नदी की रपट पर प्राइवेट बस और इको कार की टक्कर में 7 वर्षीय बच्ची सहित 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए।

घायलों में से 3 को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। दोनों ही हादसों का शिकार हुए लोग अमावस्या पर पुण्य स्नान के लिए निकले थे।



दुर्घटनाग्रस्त कार व मौके पर मौजूद पुलिस।

### डंपर और कार में आमने-सामने भिड़न्त

बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में हरियाणा के एक ही परिवार के 6 लोगों की जान चली गई, जबकि एक दो साल की बच्ची गंभीर घायल हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर हेमासर फांटे के पास सिजराल होटल के निकट दोपहर करीब दो बजे हुआ, जहां एक कार और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक के अनुसार हरियाणा नंबर की कार में कुल सात लोग सवार थे। सभी लोग हरियाणा के फतेहाबाद जिले के निवासी थे और एक ही परिवार से थे। परिवार के सदस्य बीकानेर जिले के मुकाम स्थित गुरु जम्भेश्वर भगवान के समाधि स्थल के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि एक बच्चे ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल एक अन्य 2 वर्षीय मासूम बच्ची को बीकानेर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में कार चला रहे ओमप्रकाश (50) पुत्र भागीरथ बिश्नोई, उनकी पत्नी सोरमा देवी (45) और बेटी प्रमिला (3) के साथ रोनित (4) पुत्र सुरेंद्र कुमार, यशवी (10) पुत्री अमित और खुशी (8) पुत्री संदीप की मौत हुई है। हादसे में तन्वी (2) पुत्री संदीप को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कार से पुष्कर जा रहा था परिवार



बस से टक्कर के बाद पलटी कार व मौके पर मौजूद लोग।

नागौर जिले के जसनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह जने घायल हो गए। हादसा जसनगर के पास लूनी नदी की रपट पर उस समय हुआ जब एक इको कार और प्राइवेट बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार में जैतारण निवासी एक परिवार के नौ सदस्य सवार थे, जो सोमवती अमावस्या पर पुष्कर सरोवर में स्नान के लिए जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे जसनगर से आनंदपुर कालू की ओर जा रही बस से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर से कार पलट गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकालकर जसनगर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जितेंद्र (40), शीला (35) और सात वर्षीय मन्नू को मृत घोषित कर दिया। हादसे में छह अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन को जयपुर रेफर किया गया है। कार सवार सभी लोग करौली जिले के निवासी हैं और जैतारण क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करते हैं। बस में सवार यात्री जो सुरक्षित बताए गए हैं।

## वन विभाग की कार्रवाई का विरोध

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव व थाने में तोड़फोड़, 20 जने अरेस्ट

**बेधड़क** | कोटा

वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में रविवार को कोटा के रानपुर क्षेत्र में हिंसा और हंगामे का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस नेता देवा भड़क, पूर्व सरपंच नारायण, गोविंद सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने पहले वन विभाग की टीम पर हमला किया और बाद में थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों से मारपीट व तोड़फोड़ की। पुलिस उप अधीक्षक चतुर्थ मनीष शर्मा ने बताया कि वनरक्षक सुनील और फॉरेस्टर रघुवीर पंकज की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

वन विभाग के मंडाना रेंजर गौरव मीणा के अनुसार डोलिया नाके के अमर कुआं गांव में वन भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए टीम पुलिस बल के साथ पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान तीन जेसीबी मशीनों के शीशे तोड़ दिए गए और विभागीय वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। वन विभाग के कई कार्मिकों के साथ मारपीट भी की गई।



पथराव में क्षतिग्रस्त वाहन।

### वनकर्मियों व पुलिस से मारपीट

घटना के बाद विभागीय अधिकारी शिकायत दर्ज कराने रानपुर थाने पहुंचे, जहां देर रात बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। आरोप है कि थाने के बाहर खड़े वाहनों पर हमला किया गया, पथराव किया गया और पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट की गई। वनरक्षक सुनील के सिर में गंभीर चोट आई, जिसमें कई टांके लगे हैं, जबकि फॉरेस्टर रघुवीर पंकज के पैर में फ्रैक्चर बताया गया है। स्थिति बिगड़ने पर आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया और 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## NH-27 पर CBN की बड़ी कार्रवाई

# 25 करोड़ का डोडा चूरा जब्त

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की चित्तौड़गढ़-2 और कोटा इकाई की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बारां-कोटा रोड स्थित देवरी गांव के पास एक कंटेनर ट्रक से 2046.850 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा नरेश



ट्रक से बरामद डोडा चूरा से भरे कट्टे।

बुंदेल ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर का एक कंटेनर ट्रक मध्यप्रदेश के जावरा-मंदसौर क्षेत्र से भारी मात्रा में डोड चूरा लेकर पंजाब की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर सीबीएन की टीमों ने संभावित मार्गों पर निगरानी बढ़ाई और देवरी गांव के निकट 'दोस्ताना ढाबा' के सामने घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोक लिया। तलाशी के दौरान ट्रक पहली नजर में खाली दिखाई दिया, लेकिन अधिकारियों ने बारीकी से जांच की तो चालक केबिन और कंटेनर के बीच एक विशेष रूप से तैयार किया गया गुप्त चैंबर मिला। तस्करों ने चैंबर के आउटलेट को आगे के टायरों के बीच हल्की वेल्डिंग कर छिपा रखा था। वेल्डिंग हटाने पर 101 बोरियों में भरा 2046.850 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल

# जनाना अस्पताल में बनेंगे 10 कॉटेज वार्ड

**बेधड़क** | अजमेर

यहां राजकीय महिला चिकित्सालय (जनाना) में 1 करोड़ 30 लाख की लागत से होने वाले कॉटेज वार्ड निर्माण कार्य का सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की अनुशंसा पर इस निर्माण कार्य के लिए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से 1 करोड़



शिलापट्टिका का अनावरण करते वासुदेव देवनानी व उपस्थित अन्य लोग।

30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसके लिए निविदा भी जारी कर दी है। राजकीय महिला चिकित्सालय (जनाना) में रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं एवं आधुनिक आवासीय वार्ड उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। योजना के तहत कुल 10 कॉटेज वार्ड विकसित किए जाएंगे। इनमें 6 डीलक्स कॉटेज वार्ड तथा 4 सेमी डीलक्स कॉटेज वार्ड शामिल हैं। इन वार्डों में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में अटैच टॉयलेट, पैंट्री, वार्डरोब/अलमारी तथा नर्सिंग स्टेशन जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद भर्ती मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अधिक आरामदायक वातावरण प्राप्त होगा। निर्माण कार्य की कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग को नियुक्त किया गया है, जो निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करेगी।

## राज्यपाल ने शहीद गोवर्धन सिंह ढाका की प्रतिमा का किया अनावरण

# शहीदों का बलिदान नई पीढ़ी को देता है प्रेरणा: बागडे

**बेधड़क** | सीकर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सीकर, झुंझुनूं और नागौर सहित शेखावाटी क्षेत्र के जवानों का देश की तीनों सेनाओं में विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत की सेना में 14 लाख से अधिक जवान हैं और इनमें बड़ी संख्या में राजस्थान के वीर जवान शामिल हैं। राजस्थान वीरों और शूरवीरों की भूमि रही है, जहां के सपूतों ने प्राचीन काल से देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को जसरासर (लक्ष्मणगढ़) स्थित शहीद स्मारक में शहीद गोवर्धन सिंह ढाका की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल





शहीद की प्रतिमा को नमन करते राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े। साथ में हैं मंत्री झाबर सिंह खर्रा।

ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा स्मारक परिसर में पौधारोपण किया। राज्यपाल ने चित्तौड़गढ़ के बप्पा रावल और महाराणा प्रताप जैसे वीरों के योगदान को याद करते हुए कहा कि शहीद गोवर्धन सिंह ढाका का बलिदान आने वाली पीढियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए ऊर्जा प्रदान करेगा।

### स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को किया याद

राज्यपाल बागडे ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में शहीदों के माता-पिता और परिवारजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करना चाहिए, ताकि समाज उनके त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखे। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में वीरगति प्राप्त सैनिकों के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। राज्यपाल ने मंगल पांडे, खुदीराम बोस, भगत सिंह, राजगुरु सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी याद किया।

### शहीद की मां व पत्नी का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने शहीद गोवर्धन सिंह ढाका की माता भगवानी देवी एवं पत्नी सुनीता देवी सहित शहीद वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही शहीद की माता को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

## एसीबी की दो स्थानों पर कार्रवाई

# ग्राम विकास अधिकारी 50 हजार रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

**बेधड़क** | बूंदी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बूंदी की टीम ने सोमवार को ग्राम पंचायत गरडदा के ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी परिवादी की फर्म तरू एंड कम्पनी द्वारा ग्राम पंचायत गरडदा में किए गए पनघट निर्माण कार्य के भुगतान की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि शिकायत में आरोप था कि 15 लाख रुपए के कार्यों के भुगतान के बदले आरोपी 30 प्रतिशत राशि, लगभग 4.50 लाख रुपए रिश्वत मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी बूंदी की टीम ने कार्रवाई की।

### तीन फॉरेस्ट गार्ड रिश्वत लेते गिरफ्तार

एसीबी कोटा की टीम ने सोमवार को तीन फॉरेस्ट गार्ड को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रूपाराम, रामावतार और विजेन्द्र शामिल हैं, जबकि साबूलाल फॉरेस्ट गार्ड को डिटेन किया गया है। एसीबी के अनुसार परिवादी ग्राम लक्ष्मीपुरा में जेसीबी मशीन से खेत सुधार कार्य कर रहा था। आरोप है कि वन विभाग के कार्मिकों ने जेसीबी संचालन की अनुमति देने के बदले एक लाख रुपए प्रतिमाह रिश्वत मांगी, जो बाद में 50 हजार रुपए कर दी। शिकायत के सत्यापन के बाद तीनों आरोपियों को रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट कर लिया।

सोमवती अमावस्या पर प्राचीन तीर्थ स्थलों पर उमड़े श्रद्धालु

# गलता कुंड में लगाई आस्था की डुबकी

■ प्रमुख मंदिरों में हुए विशेष झांकियों और अनुष्ठान के आयोजन

बेधड़क | जयपुर

सोमवती अमावस्या पर जयपुर में हरि और हर की भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोर से ही श्रद्धालु गलता तीर्थ सहित विभिन्न मंदिरों में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। पितरों के तर्पण, दर्शन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ पूरा शहर भक्ति भाव में डूबा रहा। गोविंद देव जी, ताड़केश्वर महादेव, सरस निकुंज सहित प्रमुख मंदिरों में विशेष झांकियां और अनुष्ठान हुए।

हरि नाम संकीर्तन और शिव आराधना के बीच छोटीकाशी धर्ममय वातावरण में परिवर्तित हो गई। सबसे अधिक भीड़ प्राचीन तीर्थ स्थल गलता में देखने को मिली, जहां सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। हजारों भक्तों ने गलता कुंड में आस्था की डुबकी लगाई और पितरों की शांति के लिए तर्पण किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवालयों के दर्शन किए।


फोटो: राजेश कुमावत

### कुंड में अव्यवस्थाओं के बीच उमड़े श्रद्धालु

सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने अव्यवस्थाओं के बीच गलता कुंड में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने कुंड में हरित काई से युक्त पानी में स्नान किया। श्रद्धालु इसी जल को बोतलों में भरकर घर पर लेकर गए। अस्थाई शेड या पर्दों की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को खुले में वस्त्र बदलने पड़े। कुंडों के बाहर सीढ़ियों पर गंदगी फैल रही थी। पार्किंग के बावजूद गलता परिसर में वाहन बेतरतीब तरीके से वाहन पार्क किए गए। इससे आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ के कारण व्यवस्थाएं चरमराई हुई थी।



### गोविंद देवजी ने किया जल विहार



श्रीकृष्ण मंदिरों में भी विशेष आयोजन हुए। गोविंद देव जी मंदिर में सोमवती अमावस्या पर राजभोग झांकी के बाद जलयात्रा झांकी सजाई गई। ठाकुर जी और राधारानी के समक्ष स्वर्ण पिचकारी विराजित की गई। गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से खरबूजा, तरबूज सहित मौसमी फलों और पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया। अमावस्या पर ठाकुरजी को काले रंग की पोशाक धारण कराई गई। महंत अंजन कुमार गोस्वामी की उपस्थिति में पंच कुंडीय पितृ पुष्टि गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। 350 श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दीं और पितरों की शांति व विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में जन्मदिन और संस्कार भी संपन्न हुए।

### ताड़केश्वर महादेव के सजी आमों की झांकी

ताड़केश्वर महादेव मंदिर में आम की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। गर्भगृह और मंदिर परिसर को आमों से विशेष रूप से सजाया गया, जिसे तैयार करने में कई घंटे का समय लगा। सुबह श्रद्धालुओं ने भगवान का जल, दूध, दही से अभिषेक किया। सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में राधा सरस बिहारी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। वहीं, पुरानी बस्ती स्थित श्री गोपीनाथ जी मंदिर में भी विशेष उत्सव मनाया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे और महिलाओं ने भजन प्रस्तुत किए।

### गोशालाओं में किया दान

श्याम मंदिरों में भी भजन संध्याओं का आयोजन हुआ। कांवटियों का खुर्रा रामगंज बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने बाबा श्याम का गुणगान किया। शहर की विभिन्न गोशालाओं में श्रद्धालुओं ने गायों को हरा चारा, दलिया, गुड़ और औषधीय लड्डू का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कथाओं में संतों का संदेश

## मर्यादा पालन से संवरता है जीवन: कृष्ण शास्त्री



बेधड़क | जयपुर

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जयपुर में विभिन्न स्थानों पर चल रही रामकथा और श्रीमद्भागवत कथाओं का सोमवार को समापन हो गया। कथावाचकों ने भगवान के नाम स्मरण, आदर्श जीवन और धार्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। मंगलवार को कई स्थानों पर हवन और पूर्णाहुति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्याधरनगर सेक्टर-2 स्थित उत्सव सामुदायिक केंद्र में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम हुआ।

वृंदावन धाम के कथावाचक अनिल कृष्ण शास्त्री ने नव योगेश्वर संवाद, कलियुग वर्णन, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का जप ही जीवन को सही दिशा देने और संसार रूपी सागर से पार लगाने का सबसे सरल साधन है। आयोजन से जुड़े विमल सोनी ने बताया कि 16 जून को हवन होगा। वहीं, ब्रह्मपुरी रोड स्थित मंगोड़ी वालों की बगीची में चल रही रामकथा का भी समापन हुआ।

कथावाचक अकिंचन महाराज ने भगवान राम के अयोध्या लौटने और राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि यदि समाज प्रभु राम के आदर्शों और मर्यादाओं का पालन करे तो आज भी रामराज्य जैसी व्यवस्था स्थापित की जा सकती है। छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीताराम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का भी विश्राम हुआ। आशीष महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। इस अवसर पर 121 पोथी आचार्यों का सम्मान किया गया।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083
- हिजरी सन: 1447
- ऋतु: ग्रीष्म ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र
- मास: द्वितीय ज्येष्ठ (शुद्ध)
- पक्ष: शुक्ल
- शाके संवत: 1948
- अयन: सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

मंगलवार, 16 जून, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर का चौघड़िया सुबह 9.02 से 10.45 बजे तक है। बाद में लाभ-अमृत का सुबह 10.45 से 2.10 बजे तक, फिर शुभ का दोपहर 3.53 से 5.35 बजे तक तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते है।

**अभिजीत:** आज 11.53 से 12.49 बजे तक है।

**तिथि:** द्वितीया रात 12.53 बजे तक है। इसके बाद में तृतीया तिथि शुरू होगी।

दिशाशूल: उत्तर दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा मिथुन राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज दोपहर 3.00 से 4.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** आर्द्रा नक्षत्र शाम 4.12 बजे तक, फिर पुनर्वसु नक्षत्र रहेगा।

**योग:** वृद्धि योग रात 12.35 बजे तक, इसके बाद में ध्रुव योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

उत्तर श्रृंगोन्नति, गुरु अर्जुन देव पुण्य दिवस नवीन मत से, भंदे के बालाजी मेला जयपुर, यमघंट योग सूर्योदय से शाम 4.12 बजे तक, त्रिपुष्कर योग शाम 4.12 से रात 12.53 बजे तक। -पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर हाथोज धाम में सजेगी फूल बंगला झांकी शाम 6 बजे
- जवाहर कला केन्द्र जयपुर में जूनियर समर कैंप सुबह 8 बजे से
- दिगम्बर जैन मंदिर में चन्द्र प्रभुजी दुर्गापुरा जैन आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ की उपस्थिति में आनन्द यात्रा शाम 7 बजे से

### 20 को होगी 'एक शाम गोमाता के नाम' भजन संध्या

**रोजड़ी (फुलेरा)।** वीर हनुमान गौ-सेवा संस्थान, रोजड़ी के तत्वावधान में 20 जून को रोजड़ी गांव में'एक शाम गोमाता के नाम' भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ-संरक्षण, गौ-सेवा और गौ- संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। पोस्टर का विमोचन भैराणा धाम के संत गोवर्धन दास ने किया।

ज्योतिषाचार्यों की राय: गणेश स्थापना के लिए मध्याह्न व्यापिनी चतुर्थी सबसे शुभ

# गणेश चतुर्थी पर तिथि को लेकर असमंजस, दो दिन मनाएंगे पर्व

गोपाल चतुर्वेदी | बेधड़क

**जयपुर।** इस साल गणेश चतुर्थी की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। पंचांग के अनुसार चतुर्थी तिथि 14 सितंबर को सुबह 7 बजकर 7 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 15 सितंबर को सुबह 7.45 बजे तक प्रभावी रहेगी, जिससे भक्तों में भ्रम की स्थिति देखी जा रही है। सूर्य उदियात गणना को मानने वाले परंपरागत रूप से अगले दिन पर्व मनाते हैं, जबकि अन्य मत तिथि प्रारंभ के दिन पूजा का समर्थन करते हैं। इस कारण गणेश चतुर्थी का पर्व दो दिन मनाया जाएगा। हालांकि, प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत पं.कैलाश शर्मा अभी विदेश में है, उनके आने के बाद ही सर्वश्रेष्ठ तिथि का भ्रम दूर हो पाएगा।



### चंद्रमा की असमान गति से बदलती हैं तिथियां

भारतीय पंचांग और सनातन परंपरा में तिथियां सूर्य और चंद्रमा की गतियों पर आधारित होती हैं। चंद्रमा की असमान गति के कारण तिथि की अवधि 19 से 26 घंटे तक बदलती रहती है, जिससे कभी तिथि क्षय या वृद्धि हो जाती है। इसी कारण एक तिथि कभी एक ही दिन में समाप्त होकर अगले दिन सूर्योदय से पहले बदल सकती है। सनातन धर्म में अधिकांश व्रत और त्योहार उदया तिथि के अनुसार मनाए जाते हैं अर्थात सूर्योदय के समय जो तिथि होती है वही पूरे दिन मान्य मानी जाती है। अंग्रेजी कैलेंडर से भिन्न यह प्रणाली कभी-कभी भ्रम पैदा करती है। अलग-अलग पंचांग और गणना पद्धतियों के कारण भी तिथियों में हल्का अंतर देखने को मिलता है।

### ज्योतिषाचार्यों के अलग-अलग मत

श्री सर्वेश्वर जयादित्य और बंशीधर पंचांगों के अनुसार 14 सितम्बर को रवि योग के साथ भद्रा का वास पाताल लोक में रहने के कारण अत्यंत शुभ है। इस असमंजस को दूर करते हुए जयपुर के ज्योतिषाचार्य पं.राजकुमार चतुर्वेदी और ज्योतिषाचार्य पं.अमित शर्मा ने बताया कि यदि तृतीय तिथि तीन मुहूर्त से अधिक जाकर 14 सितम्बर को 11 बजे तक होती तो गणेश चतुर्थी 15 सितम्बर को मनाना शास्त्र सम्मत होता, लेकिन तृतीया तिथि 14 सितम्बर को सुबह 7 बजकर 6 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। इसलिए गणेश चतुर्थी 14 सितम्बर को ही मनाई जाएगी।

### 14 सितंबर सबसे शुभ

गढ़ गणेश मंदिर के महंत प्रदीप औदिच्य और आंकड़े के गणेश मंदिर आमेर के महंत पं.चंद्रमोहन याज्ञिक ने बताया कि पंचांग के अनुसार 14 सितंबर को चतुर्थी तिथि दोपहर के समय अधिक समय तक रहेगी। गणेश स्थापना के लिए मध्याह्न व्यापिनी चतुर्थी को सबसे शुभ माना जाता है।

## सूफियाना कलाम और गजलों से सजी महफिल




बेधड़क | जयपुर

संसार चंद्र रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हजरत महबूब उर रहमान नियाजी के दसवें उर्स का आगाज सोमवार को सूफी कॉन्फ्रेंस और सूफी क्लासिकल नाइट के साथ हुआ। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए मेहमानों ने भाग लिया और सूफियाना माहौल का आनंद उठाया। उर्स के अवसर पर मेरा मुल्क मेरी पहचान अभियान के तहत सूफी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें अजमेर दरगाह के दीवान सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती, डॉ. सैयद हबीब उर रहमान नियाजी तथा प्रदेशभर से आए सज्जाद नशीन शामिल हुए। बैठक में आगामी दिनों में जयपुर में होने वाली सूफी कॉन्फ्रेंस पर चर्चा की गई। शाम को आयोजित सूफी क्लासिकल नाइट में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। हुसैन बंधु ने शानदार गजलें प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। वहीं, योगेश मुथिया ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में अनवर हुसैन ने भी खूब तालियां हासिल की। डॉ. हबीब उर रहमान नियाजी, हरियाणा से आई शबनम राठी और जयपुर की स्वाति शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सूफी संगीत की ऐसी प्रस्तुति लंबे समय बाद देखने को मिली। अंत में सभी अतिथियों का शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।

## मोहर्रम को लेकर शहर में तैयारियां शुरू

बेधड़क | जयपुर

इस्लामी कैलेंडर के अनुसार नए हिजरी वर्ष 1448 और पवित्र माह मोहर्रम की शुरुआत को लेकर शहर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। चांद दिखने की स्थिति में 17 जून से मोहर्रम माह प्रारंभ होगा, जबकि चांद नजर न आने पर यह 18 जून से माना जाएगा। अंतिम निर्णय 16 जून को जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद में हिलाल कमेटी की बैठक के बाद लिया जाएगा, जिसमें शहर मुफ्ती सहित इस्लामी विद्वान चांद की आधिकारिक घोषणा करेंगे। मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही शहर में धार्मिक माहौल बन जाएगा।

ताजियों के निर्माण का कार्य विभिन्न इलाकों में तेजी से शुरू हो चुका है। चारदीवारी क्षेत्र के साथ-साथ सांगानेर, शास्त्रीनगर, ईदगाह, झोटवाड़ा, खोह नागोरियान और आमेर सहित कई क्षेत्रों में ताजिये बनाए जा रहे हैं। प्रमुख जुलूस 26 जून को निकाला जाएगा, जो बड़ी चौपड़ और कर्बला तक पहुंचेगा। दरगाह मीर कुर्बान अली के सज्जादानशीन डॉ. सैयद हबीबुर्रहमान नियाजी ने बताया कि मोहर्रम इस्लामी वर्ष का पहला महीना है, जो गम, सब्र और शहादत की याद का प्रतीक है।

## गर्भ कल्याणक महोत्सव पर जलाभिषेक

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर भगवान अजितनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव सोमवार को शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान हुए। शहर के जैन मंदिर भगवान अजितनाथ के जयकारों से गूंज उठे। राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष



विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रातःकाल भगवान अजितनाथ का जलाभिषेक और पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद विश्व शांति, सुख और समृद्धि की कामना के साथ शांति धारा की गई। इसके बाद जयकारों के बीच गर्भ कल्याणक अर्घ्य अर्पित किया गया। आगरा रोड स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह, सूर्य नगर स्थित शांतिनाथ मंदिर, चूलगिरी अतिशय क्षेत्र, सांगानेर संघीजी मंदिर, एसएफएस जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष आयोजन हुए।

17 से 28 जून तक चलेगा सियाराम पाटोत्सव: पोस्टर का किया विमोचन

# 12 दिन राम नाम से गूंजेगा खोले के हनुमानजी धाम

■ 108 औषधीय द्रव्यों, सरयू जल, पंचामृत से सियाराम जी का होगा अभिषेक

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की धार्मिक पहचान बन चुके खोले के हनुमान मंदिर में इस बार केवल एक पाटोत्सव नहीं बल्कि भक्ति, संस्कृति और सनातन परंपरा का विराट उत्सव देखने को मिलेगा।

17 से 28 जून तक चलने वाले 29वें सियाराम पाटोत्सव के दौरान लक्ष्मण डूंगरी का पूरा क्षेत्र राम नाम, वेद मंत्रों, सुंदरकांड पाठ और हरिनाम संकीर्तन की अनुगूंज से सराबोर रहेगा।


पोस्टर का विमोचन करते पदाधिकारी।

### भगवान सियाराम के महाअभिषेक से होगा शुभारंभ

नरवर आश्रम सेवा समिति प्रन्यास के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने सोमवार को पोस्टर विमोचन के दौरान बताया कि समारोह का शुभारंभ 17 जून को भगवान सियाराम के महाअभिषेक के साथ होगा। 108 औषधीय द्रव्यों, सरयू जल, पंचामृत, दूध और फलों के रस से अभिषेक के बाद वेद पाठ, अखंड वाल्मीकि रामायण पारायण, विशेष पूजन और महाआरती आयोजित की जाएगी। संतों और महंतों की उपस्थिति इस आयोजन को और विशेष बनाएगी। पाटोत्सव की खास बात यह है कि यहां केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता भी केंद्र में रहेगी। प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और हरिनाम संकीर्तन में शहर की अनेक धार्मिक मंडलियां भाग लेंगी। युवा सत्संग रामायण सेवा समिति के सहयोग से सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा।

### वेदमाता गायत्री, अन्नपूर्णा और गंगामाता के भी होंगे पाटोत्सव

समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा के अनुसार इस दौरान वेदमाता गायत्री, अन्नपूर्णा माता और गंगामाता के पाटोत्सव भी श्रद्धापूर्वक मनाए जाएंगे। 21 जून को स्वामी रामरिछपाल दास की उपस्थिति में हरिनाम संकीर्तन और सम्मान समारोह होगा, जबकि 22 जून को आचार्य अलबेली माधुरीशरण की उपस्थिति में सियाराम छठी उत्सव आयोजित किया जाएगा। समापन चरण में 25 जून को गुरु बृहस्पति कथा, 26 जून को युगल महाराज के पदों का गायन, 27 जून को सामूहिक सुंदरकांड और 28 जून को मासिक रामयज्ञ तथा हरिनाम संकीर्तन के साथ समारोह पूर्ण होगा। प्रचार मंत्री द्वारका दास सोढानी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीतल जल, छायादार विश्राम व्यवस्था, निशुल्क पार्किंग, जूता स्टैंड और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ई-वाहन सेवा उपलब्ध रहेगी। फूलों और आकर्षक रोशनी से सजा मंदिर परिसर इन 12 दिनों में भक्तों का भाव विभोर कर देने वाली झांकियों के साथ रामनाम की गंगा बहती दिखेगी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग, नगर खण्ड-II (दक्षिण), जयपुर**

क्रमांक/अ.अ./न.ख.-II (द.)/2026-27/759-770 दिनांक: 08/06/2026

**निविदा सूचना संख्या 08-09-10/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाइन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| S.No. | NIT No./Year | Amount (in lacs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | 08/2026-27 | 4.60 | PHE2627WSOB01829 |
| 2 | 09/2026-27 | 73.94 | PHE2627WSOB01830 |
| 3 | 10/2026-27 | 3.07 | PHE2627WSOB01831 |

(भंवर सिंह किशनावत), अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर खण्ड-II (दक्षिण), जयपुर
DIPR/C/10254/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर**

क्रमांक: 1152-1171 **निविदा सूचना संख्या - 49-53/2026-27** दिनांक: 09/06/2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 24.06.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते हैं। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2026 को इस कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे खोली जाएगी। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6 (5) वित्त/सावि लेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर ई-निविदाओं के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य (Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।

निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in / www.dipronline.org पर देखे जा सकते हैं।

NIT No. 49: UBN – PHE2627WSRC01929
NIT No. 50: UBN – PHE2627WSRC01932
NIT No. 51: UBN – PHE2627WSRC01933
NIT No. 52: UBN – PHE2627WSRC01935
NIT No. 53: UBN – PHE2627WSRC01936
DIPR/C/10353/2026

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर
Ph.: 0141-2221802

फ्रांस में जुटे वैश्विक नेताओं के बीच ट्रंप को देना होगा अपनी बदलती नीतियों का जवाब

# ट्रंप के लिए ईरान समझौते से जीत का केक काटना आसान नहीं



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार



"यूक्रेन-रूस में युद्ध जारी है और ईरान के साथ अमेरिका के शांति समझौते के बाद क्या इजराइल को हिज्बुल्लाह व हमास जैसे संगठनों से खतरा नहीं रहेगा? ऐसे कई असहज सवाल जी-7 की बैठक में ट्रंप के सामने आने वाले हैं। आठ युद्ध समाप्त कराने का दावा करने वाले राष्ट्रपति ट्रंप को इस नौवें युद्ध की आंच तो सहनी ही पड़ेगी। ट्रंप को दुनिया का विश्वास जीतने में समय लगेगा। हो सकता है दबाव में दुनिया कुछ समय के लिए झुक जाए, लेकिन दबाव में पक्की वाली दोस्ती नहीं हो सकती। देखना है, जी-7 की यह बैठक विश्वास व शांति की नई कहानी लिख पाती है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए ईरान समझौते से जी-7 की बैठक में जीत का केक काटना आसान नहीं होगा। हालांकि भारत ने फ्रांस व स्लोवाकिया के साथ अपने रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की सफल व महत्वपूर्ण यात्रा के बाद मध्य यूरोपीय देश स्लोवाकिया पहुंच गए हैं। स्लोवाकिया से लौटकर पीएम मोदी वापस फ्रांस आएंगे, जहां वे जी-7 देशों की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक पर पूरी दुनिया की नजर टिकी है। पश्चिम एशिया संकट के बीच यह बैठक हो रही है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ शांति समझौते की घोषणा की है, जिस पर 19 जून को हस्ताक्षर किए जाएंगे। पर राजस्थान में एक कहावत है, करार पक्को जद जाणियै, कागद हाथ में आय। यानी समझौता तभी पक्का मानिए, जब उसका हस्ताक्षरशुदा मसौदा हाथ में आ जाए। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध और बाद में संघर्ष विराम के दौरान इतने सुर बदले हैं कि उनकी बातों पर सहज विश्वास दुनिया का शायद ही कोई नेता कर पाए। अमेरिका व ईरान के बीच हुए समझौते में क्या है, इसको लेकर बहुत-सी बातें सामने आ रही हैं, लेकिन असली बात तो वही होगी जो दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के बाद सामने आएगी। राष्ट्रपति ट्रंप पिछले दो माह में ईरान की सामरिक शक्ति नष्ट कर देने और उसको घुटनों के बल ले आने के दावे कई बार कर चुके हैं और ईरान उनके दावों को कई बार गलत साबित कर चुका है, इसलिए फिलहाल 19 जून का इंतजार करना ही बेहतर होगा, जब दोनों देश समझौते के मसौदे पर हस्ताक्षर करेंगे।

लेकिन इतना तो तय है कि फ्रांस में 16 व 17 जून को होने वाली जी-7 देशों की बैठक में पश्चिम एशिया व ईरान का मसला छाया रहेगा। ऐसे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करीब 16 माह बाद राष्ट्रपति ट्रंप से 17 जून को मुलाकात होगी, तब दोनों देशों के बीच के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा ईरान का मसला भी चर्चा के केंद्र में होगा। क्योंकि इस समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के खुल जाने की उम्मीद है और तब दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति पर लगा ग्रहण भी दूर हो जाने की संभावना है। ईरान पर अमेरिकी व इजराइली हमले और होर्मुज में नाकाबंदी के बाद ऊर्जा आपूर्ति गड़बड़ाने से प्रभावित देशों में भारत भी शामिल है।

"राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध और बाद में संघर्ष विराम के दौरान इतने सुर बदले हैं कि उनकी बातों पर सहज विश्वास दुनिया का शायद ही कोई नेता कर पाए। अमेरिका व ईरान के बीच हुए समझौते में क्या है, इसको लेकर बहुत-सी बातें सामने आ रही हैं, लेकिन असली बात तो वही होगी जो दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के बाद सामने आएगी।"

गत दिनों अमेरिका ने होर्मुज में भारतीय चालक दल की सदस्यता वाले तीन जहाजों को निशाना बनाया था। इसमें तीन भारतीय नागरिक मारे भी गए थे। लेकिन अमेरिका इसकी जिम्मेदारी लेने से बच रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप तो यह भी कह चुके हैं कि ये हमले ईरान की ओर से किए गए थे, जबकि अमेरिका की सेंट्रल कमांड भारतीय चालक दल वाले जहाजों को निशाना बनाने की बात स्वीकार कर चुकी है। और जब भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए विरोध जताया, तो अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो कह रहे हैं कि यदि कोई जहाज होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन करेगा तो उसकी अनदेखी नहीं की जाएगी। साफ है कि इस मामले में अमेरिका का रवैया दोस्ताना नहीं रहा और यह कड़वाहट बढ़ाने वाला है। इसलिए जब राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी फ्रांस में वार्ता की टेबल पर आमने-सामने होंगे, तो इस बात की संभावना भी कम है कि रिश्तों में पहले जैसी गरमाहट होगी। वहीं, इस बात की भी संभावना कम है कि पिछले डेढ़ साल में रिश्तों पर जमी बर्फ एकदम से पिघल जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह से पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर के लाड़ लड़ाए हैं, दक्षिण एशिया में अपनी रणनीति में उसको स्थान दिया है और क्वाड को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, उसके बाद अमेरिकी रवैये में सार्थक बदलाव आए बिना दोस्ती का वह पुराना दौर लौटना संभव नहीं लगता है।

राष्ट्रपति ट्रंप को यह अहसास तो अब तक हो गया होगा कि भारत पर अनावश्यक दबाव डालकर कोई बात नहीं मनवाई जा सकती। यदि ऐसा होता, तो अब तक दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता कभी का धरातल पर उतर चुका होता। गत दिनों ही कहा गया कि 99 प्रतिशत मुद्दे हल कर लिए गए हैं, बस एक प्रतिशत मसला हल करना शेष है। वह एक प्रतिशत मसला ही तो अहम है कि भारत अपना कृषि क्षेत्र कितना खोलता है और कितना नहीं। राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों ने पिछले डेढ़ साल में भारत के लिए कई मुश्किलें खड़ी की हैं। बात चाहे रूसी तेल की खरीद हो या ईरान के चाबहार पोर्ट की और अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ की, भारत को कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी ट्रंप का भारत-विरोधी रवैया जगजाहिर है। ऐसे में नहीं लगता कि भारत सहज ही उनकी बातों व वादों पर विश्वास करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप के रुख का शिकार केवल भारत ही हुआ हो, ऐसा नहीं है। उनके जी-7 व नाटो में करीबी देशों को भी इसका शिकार होना पड़ा है। जी-7 दुनिया की सात सबसे विकसित और औद्योगिक अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें अमेरिका के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं। पश्चिम एशिया संकट के दौरान अमेरिका ने अपने इन करीबी देशों से मदद मांगी, लेकिन कोई भी साथ देने के लिए आगे नहीं आया। कनाडा के साथ तो ट्रंप के सत्ता संभालते ही रिश्तों में गरमाहट गायब हो गई थी। ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 50वां राज्य बनाने जैसे बयानों से बार-बार घेरने की कोशिश की। इसलिए जब जी-7 की बैठक में ये देश आमने-सामने होंगे, तो ट्रंप कैसा रुख अपनाते हैं, उसी पर इस बैठक की सफलता निर्भर करेगी।

पश्चिम एशिया संकट के बाद सप्लाई चेन बाधित होने से दुनिया के सामने आर्थिक चुनौतियां बढ़ी हैं और मंदी का खतरा भी बढ़ा है। यूक्रेन-रूस में युद्ध जारी है और ईरान के साथ अमेरिका के शांति समझौते के बाद क्या इजराइल को हिज्बुल्लाह व हमास जैसे संगठनों से खतरा नहीं रहेगा? ऐसे कई असहज सवाल जी-7 की बैठक में ट्रंप के सामने आने वाले हैं। आठ युद्ध समाप्त कराने का दावा करने वाले राष्ट्रपति ट्रंप को इस नौवें युद्ध की आंच तो सहनी ही पड़ेगी। ट्रंप को दुनिया का विश्वास जीतने में समय लगेगा। हो सकता है दबाव में दुनिया कुछ समय के लिए झुक जाए, लेकिन दबाव में पक्की वाली दोस्ती नहीं हो सकती। देखना है, जी-7 की यह बैठक विश्वास व शांति की नई कहानी लिख पाती है या नहीं।

राष्ट्रपति ट्रंप के लिए ईरान समझौते से जी-7 की बैठक में जीत का केक काटना आसान नहीं होगा। हालांकि भारत ने फ्रांस व स्लोवाकिया के साथ अपने रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नॉलेज कॉर्नर: एफजीएफ21 हार्मोन और प्रोटीन की भूख पर आधारित शोध ने खोला खाने की आदतों का राज

# जाम के साथ जंक फूड की दोस्ती का सच

शराब पीते समय चिप्स, नाचोज, नमकीन नट्स या पिज्जा जैसे खाद्य पदार्थ अचानक इतने आकर्षक क्यों लगने लगते हैं? अधिकांश लोगों ने यह अनुभव किया होगा कि शराब के साथ नमकीन और चटपटे खाद्य पदार्थ खाने की इच्छा सामान्य से कहीं अधिक बढ़ जाती है। हाल ही में हुए एक अध्ययन ने इस व्यवहार के पीछे छिपे जैविक कारणों पर नई रोशनी डाली है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अल्कोहल में ऊर्जा भरपूर मात्रा में होती है, लेकिन इसके बावजूद यह भूख को बढ़ा देता है। विशेष रूप से यह शरीर में प्रोटीन की आवश्यकता को अधिक तीव्रता से महसूस कराता है। यही कारण है कि शराब पीने के बाद व्यक्ति को नमकीन और चटपटे खाद्य पदार्थों की इच्छा होने लगती है।

## प्रोटीन की भूख का संकेत देता है मस्तिष्क

वैज्ञानिकों का कहना है कि मनुष्य और अन्य जीवों में प्रोटीन के लिए एक विशेष प्रकार की भूख होती है। जब शरीर को प्रोटीन की जरूरत होती है, तब मस्तिष्क को संकेत भेजे जाते हैं कि वह प्रोटीन-समृद्ध खाद्य पदार्थों की तलाश करे। इस प्रक्रिया में यकृत से एफजीएफ21 नामक हार्मोन निकलता है, जो प्रोटीन की आवश्यकता का संदेश देता है। यही हार्मोन मीठे खाद्य पदार्थों की अपेक्षा नमकीन और मसालेदार खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षण बढ़ाता है। हालांकि आधुनिक खाद्य उद्योग ने इस प्राकृतिक व्यवस्था को काफी



हद तक बदल दिया है। पहले नमकीन स्वाद का मुख्य स्रोत मांस, मछली, अंडे, दालें और अन्य प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ हुआ करते थे। लेकिन आज बाजार में उपलब्ध अधिकांश अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, जैसे चिप्स, नमकीन, पिज्जा और हॉट डॉग, नमकीन स्वाद तो देते हैं, पर इनमें प्रोटीन अपेक्षाकृत कम और वसा व कार्बोहाइड्रेट अधिक होते हैं। एक अध्ययन में 9,337 ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों के आहार संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि शराब पीने वाले लोगों में नमकीन खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक था। हालांकि यदि उन्होंने कम वसा वाले मांस, दालों, अंडों या अन्य प्राकृतिक प्रोटीन स्रोतों का सेवन किया, तो कैलोरी की मात्रा अनावश्यक रूप से नहीं बढ़ी।

## प्रोटीन लेवरेज प्रभाव क्या है?

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि शराब के साथ केवल प्रसंस्कृत जंक फूड खाया जाए, तो शरीर अपने प्रोटीन लक्ष्य को पूरा करने के लिए और अधिक भोजन की मांग करता है। इसे 'प्रोटीन लेवरेज प्रभाव' कहा जाता है। यही कारण है कि जंक फूड के साथ शराब का संयोजन मोटापे और अतिरिक्त ऊर्जा सेवन से जुड़ा पाया गया है। शोधकर्ताओं ने ऐसे खाद्य पदार्थों को 'प्रोटीन डिकॉय' यानी प्रोटीन का भ्रम पैदा करने वाले खाद्य पदार्थ कहा है। ये शरीर को ऐसा आभास कराते हैं कि उसे आवश्यक पोषण मिल रहा है, जबकि वास्तव में वे अतिरिक्त कैलोरी प्रदान करते हैं। परिणामस्वरूप व्यक्ति अधिक मात्रा में भोजन कर लेता है और वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।

**प्रोटीन है बेहतर साथी**

*यदि आप शराब का सेवन करते हैं और उसके साथ कुछ खाने की इच्छा होती है, तो चिप्स और नाचोज की बजाय भुने हुए चने, अंडे, समुद्री भोजन, दालें या कम वसा वाले प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ चुनना बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे शरीर की वास्तविक जरूरत पूरी होगी और अनावश्यक कैलोरी से भी बचाव होगा।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

**व्यंग्य**

# ट्रांसफर पंचमी का महापर्व



विनोद कुमार विक्की
व्यंग्यकार

जून महीने में 'तबादला एक्सप्रेस' नामक विशेष अभियान चलाया जाता है, जिसमें यात्रा करने का दुर्लभ सौभाग्य केवल सरकारी सेवकों को ही प्राप्त होता है। जून महीने में सरकारी कार्यालयों में सूरज की गर्मी और स्थानांतरण की सरगर्मी से तापमान चालीस डिग्री तथा सरकारी कर्मचारियों का रक्तचाप एक सौ बीस बटा अस्सी के पार पहुंच जाता है। जून का पहला सप्ताह आते ही सरकारी विभागों का मुख्यालय ब्रह्मांड बन जाता है। कर्मचारी मंगल ग्रह स्वरूप मंत्रीजी और बृहस्पति स्वरूप विभागीय बाबू के बीच क्षुद्रग्रह बनकर चक्कर काटने लगते हैं। जून के मानसूनी मौसम में बिना बादल, बिजली और निम्न दाब के ही कर्मचारियों के दिलों में भय का चक्रवात उमड़ने लगता है। फलस्वरूप मौद्रिक मानसून की बूंदाबांदी से स्थापना कार्यालय और मंत्रालय संयुक्त रूप से भीगने लगते हैं। व्हाट्सएप पर विभिन्न विभागों से निर्गत ट्रांसफर सूचियां वायरल होने लगती हैं और कर्मचारी उन्हें उसी श्रद्धा से पढ़ते तथा अग्रसारित करते हैं, जैसे विद्यार्थी परीक्षा परिणाम को। सरकारी कर्मचारी कहीं का स्थायी निवासी नहीं होता, वह केवल अगले ट्रांसफर तक का अस्थायी किराएदार होता है। तीन वर्ष पहले जिस जिले में उसने बड़े जतन से अपना तंबू गाड़ा था, स्थानीय परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाया था, किराए का मकान खोजा था, बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, दूधवाले, पानवाले से लेकर सब्जीवाले तक से आत्मीय संबंध स्थापित कर लिए थे और कार्यालय में अधीनस्थों तथा सहकर्मियों से तालमेल बिठा पाया था, तभी अचानक शासन को याद आ जाता है कि 'प्रशासनिक दृष्टिकोण' से उसका किसी अन्य जिले में होना अधिक आवश्यक है। मनचाहा पदस्थापन पाने की चाह रखने वाले कुछ महानुभाव शीतनिद्रा से जागे सांप की तरह अचानक सक्रिय हो जाते हैं। वे मुख्यालय के बाबू से लेकर माननीय के दरबार तक कुंडली मारकर बैठे रहते हैं, मानो ट्रांसफर पंचमी के दौरान सरकारी आदेश रूपी नागमणि प्राप्त करके ही कार्यस्थल पर लौटेंगे। किसी के हाथ में आवेदन होता है, किसी के हाथ में सिफारिश, तो किसी के हाथ में मोटी फाइल, जिसमें सेवा पुस्तिका से अधिक 'सेवा शुल्क' भरा होता है। उधर बाबू वर्ग का कक्ष भी किसी धार्मिक स्थल का रूप ले लेता है। दर्शनार्थियों का जमावड़ा लग जाता है। पिता अथवा पत्नी की बीमारी, पति-पत्नी की एक स्थान पर नौकरी तथा अन्य पारिवारिक समस्याओं के आधार पर स्थानांतरण की अर्जियों के अतिरिक्त भार से बाबू की लॉगबुक कराहने लगती है। आगंतुक मुस्कुराकर नमस्ते करते हैं और चाय-पानी का आग्रह करते हैं।

बाबू भी सभी की भावनाओं का सम्मान करते हुए रहस्यमयी मुस्कान बिखेरते हुए ज्ञान देते हैं- 'अजी, आप मेरे स्तर से बिल्कुल निश्चिंत रहें, बाकी ऊपर वाले के हाथ में है।' 'ऊपर वाला' कौन है? इसका अर्थ और आकलन परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहता है। ट्रांसफर सूची जारी होते ही कार्यालयों में 'हम साथ-साथ हैं' वाला भावनात्मक दृश्य उभरने लगता है। जो सहकर्मी कल तक एक-दूसरे की फाइल रोकने, टांग खींचने अथवा वरीय पदाधिकारी से चुगली करने में व्यस्त थे, वे भी गले मिलकर भाईचारा प्रकट करते हैं। जिनका ट्रांसफर नहीं होता, वे अगले दिन कार्यालय में ऐसे प्रवेश करते हैं, जैसे युद्ध जीतकर लौटा कोई विजेता सेनापति। चेहरे पर विजय की मुस्कान, चाल में आत्मविश्वास और बातों में रहस्य का पुट। पूछने पर बस इतना कहते हैं- 'ऊपर तक बात पहुंच गई थी।' बहरहाल, आम आदमी को जून माह की चिलचिलाती धूप, लू और नौतपा का भय सताता है, वहीं ट्रांसफर रूपी टाइफून से सरकारी सेवकों में भय और बदहवासी का माहौल बना रहता है।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

प्रधानमंत्री फिको के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-स्लोवाकिया दोस्ती के लिए यह वाकई एक बहुत खास पल है। हमारे संबंधों की मजबूत संभावनाओं को देखते हुए, हमने अपने रिश्तों को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाया है। हमारी बातचीत में ऑटोमोबाइल, रेलवे, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-EU मुक्त व्यापार समझौता भी हमारी साझेदारी को और गति देगा।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanlalBjp

तकनीकी प्रगति के इस दौर में ई-वेस्ट का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन संसाधनों के बेहतर उपयोग और स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संसाधनों के पुनर्चक्रण, पर्यावरण संरक्षण और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देकर हमारी सरकार सतत विकास एवं हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya

नया भारत, सशक्त मध्यम वर्ग! माननीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में मध्यम वर्ग को बेहतर अवसर, आधुनिक बुनियादी ढांचा, डिजिटल सशक्तीकरण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और सुशासन का लाभ मिला है। डिजिटल इंडिया, आवास, शिक्षा, रोजगार और ईज ऑफ लिविंग जैसे अनेक सुधारों ने मध्यम वर्ग के सपनों को नई उड़ान दी है।

**लेखकों से आग्रह है...**

वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को बताया मध्यम वर्ग की सरकार

# नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पिछले 12 वर्षों में आम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है और अवसरों तक आसान पहुंच, बेहतर बुनियादी ढांचे, उन्नत सार्वजनिक सेवाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि को बेहतर बनाने के लिए काम किया है। अपनी सरकार को 'मध्यम वर्ग की सरकार' बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम करना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि इस वर्ग ने अनगिनत तरीकों से राष्ट्र-निर्माण में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे प्रयास सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ शहरों और दैनिक जीवन में बोझ कम करने आदि का है। केंद्र सरकार के नागरिकों से जुड़ने के मुख्य मंच 'माई जीओवी इंडिया' में कहा गया है कि मोदी के नेतृत्व में, पिछले 12 सालों में भारत



के मध्यम वर्ग के जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। इसमें बेहतर आधारभूत ढांचा, बेहतर संपर्क, कर में राहत और सार्वजनिक सेवाओं के विस्तार का अहम योगदान रहा है। बेहतर परिवहन से लेकर मजबूत डिजिटल पहुंच तक, देश भर के लाखों परिवारों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी ज्यादा आसान और अवसरों से भरी हो गई है।

#### देश में इंटरनेट का अभूतपूर्व विस्तार

'माई जीओवी इंडिया' के अनुसार, ग्रामीण और शहरी भारत में इंटरनेट के विस्तार के साथ संपर्क अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। 103 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन और डेटा की कीमतों में भारी कमी के कारण अब नागरिक बहुत कम खर्च में शिक्षा, रोजगार के अवसर, डिजिटल पेमेंट और मनोरंजन का आसानी से लाभ उठा पा रहे हैं। वंदे भारत सेवाओं के विस्तार से रेल यात्रा तेज और ज़्यादा आरामदायक हो गई है। 164 ट्रेन और नौ करोड़ से ज्यादा यात्रियों को सेवा देने के साथ, मुख्य मार्गों पर यात्रा का समय काफी कम हो गया है। बेहतर राजमार्गों और आसान टोल प्रणाली की वजह से भारत का सड़क आधारभूत ढांचा अच्छा हो गया है, जिससे यात्रा जल्दी पूरी होती है।

### तृणमूल के बागी सांसदों का मामला

# बिरला लिखित कानूनी राय के बाद ही करेंगे मान्यता का फैसला!

एजेंसी | नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के 'नेशनल सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया' में प्रस्तावित विलय के बाद उन्हें अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग पर कानूनी राय ले सकते हैं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि टीएमसी के बागी सांसदों की मांग पर कोई भी फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले किया जाएगा, जो सामान्यतः जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। उन्होंने कहा कि बागी सांसदों की मांग पर निर्णय केंद्रीय विधि मंत्रालय की लिखित राय के आधार पर लिया जाएगा। मंत्रालय किसी वरिष्ठ विधि अधिकारी से परामर्श के बाद अपनी राय देगा। सूत्रों के अनुसार, लिखित कानूनी राय ली जाएगी ताकि यदि लोकसभा अध्यक्ष के अंतिम निर्णय को अदालत में चुनौती दी जाती है तो वह न्यायिक जांच-परख की कसौटी पर खरा उतर सके।

#### राजनीतिक दल ही कर सकते हैं विलय, सांसद या विधायक नहीं: अचारी

इस बीच, लोकसभा के पूर्व महासचिव और संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ पी. डी. टी. आचारी ने संविधान की 10वीं अनुसूची के पैरा-4 का हवाला देते हुए कहा कि केवल कोई राजनीतिक दल ही दूसरे राजनीतिक दल में विलय कर सकता है, केवल सांसद या विधायक ऐसा नहीं कर सकते। आचार्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यदि किसी राजनीतिक दल का नेतृत्व दूसरे राजनीतिक दल में विलय का फैसला करता है, तो उसके सांसदों और विधायकों को उस विलय से सहमत होना होता है, लेकिन केवल सांसद या विधायक अपने स्तर पर किसी दूसरे राजनीतिक दल में विलय नहीं कर सकते। संविधान में यही प्रावधान है। निर्वाचन आयोग के एक पूर्व अधिकारी ने टीएमसी के बागी सांसदों की एनसीपीआई में विलय की मौजूदा योजना को नया प्रयोग बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था का उल्लेख न तो दलबदल विरोधी कानून में है और ना ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में है।

### पंजाब के सीएम मान 'खालसा पंथ विरोधी' घोषित



**चंडीगढ़।** सिखों की शीर्ष धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने एक कथित आपत्तिजनक वीडियो में झूठ बोलने के मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सोमवार को 'गुरु द्रोही' और 'खालसा पंथ विरोधी' घोषित कर दिया। अकाल तख्त ने धार्मिक बेअदबी रोधी कानून के सिलसिले में 29 जून को राज्य के सभी सिख विधायकों (चाहे वे किसी भी पार्टी के हों) और पंजाब मंत्रिमंडल को तलब किया है।

### राहुल ने विपक्ष की एकता को नुकसान पहुंचाया: द्रमुक

**चेन्नई।** तमिलनाडु के प्रमुख विपक्षी दल द्रमुक ने सोमवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस के लिए यह शर्मनाक नहीं है कि वह राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को सत्ता में आने से रोकने के लिए हर तरह के अनैतिक हथकंडे' अपनाती है और बाद में लोकसभा चुनाव के समय उन्हीं दलों से समर्थन मांगती है। 23 अप्रैल को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से उसकी 'पीठ में छुरा घोंपा गया' और यह सब राहुल गांधी के आशीर्वाद से हुआ।

### केरल: महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना शुरू

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार ने एक प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए महिलाओं के लिए बस में मुफ्त यात्रा की योजना सोमवार को शुरू की। मुख्यमंत्री वी डी सतीशन ने इसे नए केरल के निर्माण की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। मुख्यमंत्री सतीशन ने यहां थम्पानूर स्थित केएसआरटीसी बस टर्मिनल पर योजना का उद्घाटन किया और इसे सरकार के लिए गर्व का क्षण बताया।

### वित्त मंत्री ने माना: कच्चे माल व उर्वरकों के आयात से इकोनॉमी दबाव में

# देश को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहना होगा: निर्मला

## विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए और कदम उठाएंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के घोषित उपाय महज शुरुआत हैं, जबकि अभी आगे और कदम उठाए जा सकते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना जरूरी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख कच्चे माल के आयात, साथ ही कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात से 'गंभीर दबाव' का सामना कर रही है। सीतारमण ने यहां 'माइंडमाइन समिट 2026' में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सरकार के विश्लेषण से यह पता चला है कि बॉन्ड बाजार विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एक 'बेहद अच्छा माध्यम' बन सकता है और इससे विदेशी निवेश को प्रभावी रूप से अवशोषित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों द्वारा किए गए निवेश पर ब्याज और पूंजीगत लाभ कर से छूट जैसे उपाय विदेशी पूंजी को वापस आकर्षित करने की दिशा में पहला कदम हैं। सीतारमण ने कहा कि ये उपाय विदेशी पूंजी को आकर्षित करने की दिशा में पहला कदम हैं। फिलहाल यह केवल बॉन्ड बाजार तक सीमित है, लेकिन यह कहानी का अंत नहीं है। आगे और भी कदम होंगे। हम यह मानते हैं कि हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। ज्ञात रहे कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच जून को बैंकों को तीन से पांच वर्ष की अवधि वाले विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंक) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिससे वे अमेरिकी डॉलर जमा को आरबीआई के साथ बदल सकें एवं मुद्रा जोखिम का प्रबंधन कर सकें।



निर्मला सीतारमण

#### बैंक बिना बाधा जुटा सकेंगे संसाधन

सीतारमण ने कहा कि आरबीआई द्वारा घोषित ढांचे के तहत मुद्रा जोखिम की लागत आरबीआई वहन करेगा, जिससे बैंक बिना बाधा के अपने संसाधन जुटा सकेंगे। इसलिए हमने एक बहुत ही संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजारों में आवश्यक निवेश हो। ज्ञात रहे कि सरकारी सूत्रों ने पहले कहा था कि अर्थव्यवस्था में एफडीआई प्रवाह बढ़ाने के लिए और अधिक उपाय जल्द ही किए जाने की संभावना है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा एवं रुपए की स्थिरता को सहारा मिलेगा। ज्ञात रहे कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर घटकर 681.610 अरब डॉलर रह गया। सरकारी सूत्रों ने पहले बताया था कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती उर्वरक कीमतों को देखते हुए उर्वरक मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए सब्सिडी में 100 प्रतिशत वृद्धि का अनुरोध किया है।

#### मई में सोने का आयात 34 प्रतिशत बढ़ा, चांदी का 86 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश में सोने का आयात मई में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 3.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि इसी अवधि में चांदी के आयात में 86.65 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया, जो 13 मई से प्रभावी हुआ। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में चांदी का आयात घटकर 7.55 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष मई में यह 56.62 करोड़ डॉलर था। सोने के आयात में वृद्धि के चलते मई में देश का व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब डॉलर हो गया।

### काकोली ने बिरला को लिखा पत्र

# कल्याण बनर्जी को लोकसभा से निष्कासित करने की मांग

एजेंसी | कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा में बागी गुट की नेता काकोली घोष दस्तीदार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कल्याण बनर्जी को निष्कासित करने की मांग की है। दस्तीदार ने आरोप लगाया है कि बनर्जी ने बार-बार मौखिक दुर्व्यवहार किया, महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां कीं और संसद परिसर में अनुचित आचरण किया। दस्तीदार ने बनर्जी को निष्कासित करने की मांग वाला यह पत्र 28 मई को श्रीरामपुर के सांसद बनर्जी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद लिखा है। यह पत्र पार्टी में जारी उथल-पुथल के बीच लिखा गया है। बनर्जी ने बागी सांसदों की आलोचना करते हुए उन्हें चुनौती दी थी कि यदि उनमें हिम्मत है, तो वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ें। हालांकि, बनर्जी ने दस्तीदार के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें झूठा और मनगढ़ंत बताया।

### चढ़ावे में अनियमितता का मामला

# जांच के लिए SIT पहुंची राम मंदिर

एजेंसी | अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित भगवान श्री रामलला मंदिर में चढ़ावे की कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को जांच के सिलसिले में मंदिर परिसर पहुंची। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी के सदस्य गेट नंबर 11 के माध्यम से मंदिर परिसर में दाखिल हुए। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं।



अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। यह मंदिर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा प्रबंधित है। इस बीच, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को कहा कि एसआईटी जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

उन्होंने कहा, ''जांच के दो पहलू हैं-आपराधिक और भविष्य में सुधार से संबंधित। जब दोनों पहलुओं पर काम होगा तभी हम श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत कर पाएंगे।'' उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट जांच में पूरा सहयोग करेगा और एसआईटी को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मिश्र ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने रविवार को जिला प्रशासन से भी बातचीत की थी और प्रशासन ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड: पूर्व MLA राठौर अरेस्ट

**देहरादून/हरिद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' के नाम के खुलासे से जुड़े वायरल ऑडियो-वीडियो क्लिप की जांच के सिलसिले में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रमोद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राठौर को हरिद्वार के बुग्गावाला क्षेत्र स्थित उनके कार्यालय से हिरासत में लिया गया और फिर देहरादून के डालनवाला थाने लाया गया, जहां उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

### मणिपुर में फिर हिंसा, हथियाबंद गुट भिड़े

# दो समूहों में गोलीबारी, 3 घायल

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। यह जिला कुकी बहुल है। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी सुबह करीब छह बजे लेइलोन वैफ़ेई गांव के पास दो आदिवासी समुदायों से जुड़े हथियारबंद लोगों के बीच हुई।

सभी घायल कुकी समुदाय से हैं, जिन्हें सुरक्षा बलों ने इलाज के लिए इंफाल स्थित क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचाया। इस बीच, रिम्स परिसर में उस समय तनाव उत्पन्न हो गया, जब प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने परिसर में इकट्ठा होकर घायल युवकों को भर्ती किए जाने का विरोध किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा अस्पताल भवन में कथित रूप से घुसने की कोशिश करने के बाद सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे और लाठीचार्ज किया।



*इम्फाल में सोमवार को सुरक्षाकर्मी रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) के पास प्रदर्शनकारियों को रोकते हुए।*

### एनसीईआरटी की नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की पुस्तक पर उठे सवाल

# मोहनजोदड़ो की 'डांसिंग गर्ल' का बदल दिया स्वरूप!

एजेंसी | नई दिल्ली।

'डांसिंग गर्ल' के नाम से प्रसिद्ध मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा के निर्वस्त्र धड़ को एनसीईआरटी की नौवीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तक में ढका हुआ दिखाया गया है, जिसके बाद इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह तस्वीर एनसीईआरटी की नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की नई पुस्तक 'मधुरिमा' के पहले अध्याय 'कला का इतिहास' में प्रकाशित की गई है।

पुस्तक में प्रकाशित इस चित्र में प्रतिमा का ऊपरी हिस्सा मूल प्रतिमा की तस्वीरों की तुलना में बदला हुआ दिखाई दिया है। प्रतिमा के ऊपरी हिस्से पर छायांकन किया गया है, जिससे उसके शरीर के वे हिस्से साफ दिखाई नहीं दे रहे जो मूल मूर्ति में नजर आ रहे हैं। इसके विपरीत, एनसीईआरटी की कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'डांसिंग गर्ल' की तस्वीर मूल कांस्य प्रतिमा के अधिक करीब दिखाई देती है। एनसीईआरटी ने अब तक दोनों पुस्तकों में प्रतिमा को अलग-अलग रूप में प्रस्तुत किए जाने पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त डांसिंग गर्ल सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक वस्तुओं में से एक मानी जाती है।

एनसीईआरटी की कक्षा 6 की नई सामाजिक विज्ञान पुस्तकों की समिति के प्रमुख रहे माइकल डैनिनो ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा को उम्र के अनुसार उपयुक्त नहीं माना गया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह हमारी कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक से जुड़ा मामला है। मुझे जो कारण बताया गया, वह यह था कि डांसिंग गर्ल की तस्वीर उस उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं मानी गई। उन्होंने कहा,हमारी टीम इससे सहमत नहीं थी। हमने कक्षा छह के शिक्षकों से भी बात की और उन्होंने बताया कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा को लेकर कभी कोई समस्या नहीं रही।

डैनिनो ने कहा, मेरे विचार में नग्नता को अनुपयुक्त मानना विक्टोरियन युग की पुरानी सोच है। फिर भी हम भारतीय शिक्षा को उपनिवेशवादी प्रभावों से मुक्त करने की बात करते हैं। कक्षा नौ की नई कला पुस्तक में इस्तेमाल की गई तस्वीर पर डैनिनो ने कहा कि यदि डांसिंग गर्ल को उसके वास्तविक रूप और सही अनुपात में भारतीय कला पर आधारित अध्याय में भी नहीं दिखाया जा सकता, तो यह एक गंभीर समस्या है।

#### ऐसी नृत्य मुद्रा की तस्वीर राजस्थान में भी मिली थी

प्रतिमा के महत्व पर डैनिनो ने कहा कि पुरातत्वविदों ने इसके बारे में अलग-अलग व्याख्याएं दी हैं और इसके वास्तविक संदर्भ के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। हालांकि, इसी तरह की कमर पर हाथ रखकर खड़े होने वाली मुद्रा राजस्थान के हड़प्पा स्थल भिरड़ाना से मिले कम-से-कम दो मिट्टी के बर्तनों के टुकड़ों पर भी मिली थी। इससे संकेत मिलता है कि इस मुद्रा का कोई विशेष सांस्कृतिक महत्व था, संभवतः कलात्मक महत्व। उन्होंने ऐतिहासिक कलाकृतियों की तस्वीरों में बदलाव करने की भी आलोचना की। पुस्तक में कहा गया है कि मोहनजोदड़ो की इस कांस्य प्रतिमा को "लॉस्ट-वैक्स तकनीक" से बनाया गया था, जो पश्चिम बंगाल, झारखंड और छत्तीसगढ़ में प्रचलित है।




### लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण



*रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने सोमवार को ओडिशा तट के पास डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) का सफल उड़ान परीक्षण किया। एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार इस परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरी तरह से सफल रहे।*

## मोदी की गिफ्ट जैकेट में सजे स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्लोवाकिया के ब्रातिस्लावा में अपने स्लोवाक समकक्ष रॉबर्ट फिको के साथ 'हाई टी' मीटिंग के दौरान बातचीत करते हुए।

### लिबास, मिजाज, दोस्ती... सब का रंग एक

भारत और स्लोवाकिया के बढ़ते रिश्तों की एक दिलचस्प झलक उस समय देखने को मिली, जब स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उपहार में दी गई पारंपरिक भारतीय नेहरू जैकेट पहने नजर आए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए खुशी जताई और लिखा कि फिको इस जैकेट में बेहद आकर्षक लग रहे हैं। खास बात यह रही कि दोनों नेताओं की जैकेट का रंग भी एक जैसा था, जिसने इस तस्वीर को और खास बना दिया। राजनीतिक और कूटनीतिक संदेशों से इतर यह तस्वीर दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता और सांस्कृतिक निकटता का प्रतीक बन गई। सोशल मीडिया पर फिको का भारतीय अंदाज खूब चर्चा बटोर रहा है।

## भारतीय समुदाय से मुलाकात


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्लोवाकिया में एक स्वागत समारोह के दौरान भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करते हुए।

### 'कुमकुम भाग्य' फेम संचिता उगले ने किया सुसाइड



**पालघर।** लोकप्रिय टीवी धारावाहिक 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' में अभिनय कर चुकीं 22 वर्षीय अभिनेत्री संचिता उगले ने महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम वह घर में अकेली थीं और उनका शव फंदे से लटका मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और प्रारंभिक जांच में किसी साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व जज को सुरक्षा उपलब्ध कराई

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने दाऊदी बोहरा समुदाय में उत्तराधिकार के विवाद को लेकर साल 2024 में सुनाए गए फैसले को लेकर धमकियों का सामना कर रहे पूर्व न्यायाधीश गौतम पटेल और उनके परिवार के सदस्यों को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई है।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी से पूछताछ

**कोलकाता।** ईडी अधिकारियों ने कथित प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से पूछताछ शुरू की। बनर्जी से यह पूछताछ ऐसे समय हो रही है जब पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति के लिए विधायकों के हस्ताक्षरों की कथित जालसाजी के मामले में अपराध अन्वेषण विभाग रविवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से करीब साढ़े आठ घंटे पूछताछ की थी।

## री-नीट' का प्रश्न-पत्र दिलाने का झांसा देकर ठगी

# अभ्यर्थियों के 350 खातों को बनाया निशाना, 150 खाते हैक

■ राजस्थान के दो व बिहार से एक जना अरेस्ट

एजेंसी | अहमदाबाद

अहमदाबाद पुलिस ने दोबारा आयोजित होने वाली नीट (री-नीट) परीक्षा का प्रश्न-पत्र दिलाने का झांसा देने और नीट उम्मीदवारों के खाते हैक कर उन्हें वापस मिलने वाले परीक्षा शुल्क को हड़पने के आरोप में अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से आगामी 21 जून को फिर से आयोजित होने वाली नीट परीक्षा का प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराने का वादा करके छात्रों से धोखाधड़ी की थी।

इसमें मामले में जयपुर निवासी सुमेर सिंह मीणा और कोटा निवासी आकाश मीणा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि वे टेलीग्राम चैनलों के जरिए निवेश से जुड़े प्रस्तावों को बढ़ावा देने और बहुत अधिक मुनाफा देने का लालच देने में भी शामिल थे। दूसरे मामले में, बिहार के गयाजी निवासी नवीन यादव ने कथित तौर पर कमजोर पासवर्ड का फायदा उठाकर नीट पोर्टल पर करीब 150 उम्मीदवारों के खातों तक पहुंच हासिल कर ली।

इसके बाद उसने तीन मई को हो चुकी मूल नीट परीक्षा के रद्द होने के बाद सरकार द्वारा वापस (रिफंड) की जा रही परीक्षा शुल्क की राशि को अपने खातों में स्थानांतरित कर लिया। यादव ने कथित तौर पर करीब 350 खातों को निशाना बनाया और उनमें से लगभग 150 खातों को हैक करने में सफल रहा। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसने इन उम्मीदवारों द्वारा दिए गए बैंक विवरण को हटाकर अपने बैंक खाते की जानकारी डाल दी, ताकि रीफंड की राशि उसके खाते में जमा हो जाए। अधिकारियों ने बताया कि मामलों की जांच जारी है।




### आठ टेलीग्राम चैनल बनाए

पुलिस अनुसार, आरोपियों ने "प्राइवेट माफिया" के नाम से आठ टेलीग्राम चैनल बनाए थे और कथित तौर पर यह झूठा दावा करते हुए विज्ञापन प्रसारित किए थे कि उनके पास दोबारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र हैं और वे इसे उपलब्ध करा सकते हैं। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनके विभिन्न बैंक खातों से करीब 1.5 करोड़ रुपये का लेन-देन होने का पता चला है। अहमदाबाद के ही एक निवासी ने साइबर अपराध पुलिस थाने में अपनी बेटी का नीट पासवर्ड चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

## उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा

## सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए: गृह सचिव

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सोमवार को NEET(UG) री-एग्जामिनेशन, 2026 के लिए राज्य सरकारों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान छात्रों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, डाक विभाग के सचिव, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और एनटीए के महानिरीक्षक तथा रक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें और परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के आयोजित की जाए। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से छात्रों की यात्रा को सुगम बनाने का अनुरोध किया गया। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि छात्रों की आवाजाही और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भारतीय रेलवे पूरा सहयोग प्रदान करेगा। गौरतलब है कि नीट-यूजी पुनर्परीक्षा-2026 को सुरक्षित, पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार ने सुरक्षा और लॉजिस्टिक तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर समन्वय स्थापित किया है।


गोविंद मोहन

## महाराष्ट्र: 'ऑपरेशन टाइगर' Vs 'ऑपरेशन वुल्फ'

## शिवसेना (UBT) अब विरोधियों को बनाएगी निशाना: राउत

एजेंसी | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) की बैठक में कुल नौ में से पांच लोकसभा सदस्यों के अनुपस्थित रहने के एक दिन बाद सोमवार को पार्टी के नेता संजय राउत ने कहा कि वे सभी पार्टी के साथ हैं। पार्टी सांसदों को तोड़ने के लिए 'ऑपरेशन टाइगर' शुरू होने के कयासों के बीच राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए "ऑपरेशन वुल्फ" शुरू करेगी। उन्होंने यह बात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट की ओर इशारा करते हुए कही। "ऑपरेशन टाइगर" के कयासों पर राउत ने सवाल किया कि क्या जाग रहे बाघ को हाथ लगाया जा सकता है। बाघ को पहले बेहोश करना पड़ता है। उसके बाद उसके पैरों को बांधना होता है। हमारे मामले में यह संभव नहीं है। बाघ खुलेआम घूम रहे हैं।

गौरतलब है कि अविभाजित शिवसेना का प्रतीक चिह्न एक बाघ था, जिसे पार्टी के संस्थापक बाल ठाकरे ने खुद बनाया था।



## भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की राजनाथ के आवास पर बैठक

## केंद्रीय टीम में फेरबदल पर मंत्रणा

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा की केंद्रीय टीम में फेरबदल की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक बैठक की।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी. एल. संतोष और पार्टी तथा आरएसएस के बीच मुख्य समन्वयक की भूमिका निभा रहे अरुण कुमार भी मौजूद थे। हालांकि, भाजपा की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, लेकिन पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम में फेरबदल भी शामिल था।

सूत्रों ने यह भी बताया कि जनवरी में भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई केंद्रीय टीम इस महीने घोषित की जा सकती है और इसमें वरिष्ठ और युवा नेताओं का मिश्रण होने की संभावना है। यह भी बताया गया कि कुछ ऐसे नेता जो सरकार में पदों पर हैं, उन्हें पार्टी में स्थानांतरित कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। भाजपा अध्यक्ष नवीन ने 28 मई को केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को भाजपा की दिल्ली इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं, अर्चना गुप्ता को भाजपा की हरियाणा इकाई का और सरदार केवल सिंह ढिल्लों को पार्टी की पंजाब इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। त्रिपुरा के माताबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने अभिषेक देबरॉय को भाजपा की राज्य इकाई का अध्यक्ष बनाया गया।


भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्रांस पहुंचे

# जी-7 समिट में पुराने दोस्तों से शिकवे दूर करेंगे ट्रंप

एजेंसी | एवियन-लेस-बेन्स (फ्रांस)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को फ्रांस पहुंचे,जहां वह दुनिया के प्रमुख औद्योगिक देशों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। राष्ट्रपति जी-7 बैठक के मौके पर जिन नेताओं के साथ वे बातचीत भी करेंगे, उनमें कुछ नेता ऐसे भी हैं जो ईरान युद्ध में अमेरिका की रणनीति के विरोधी रहे हैं।

युद्ध शुरू होने से पहले सलाह-मशविरा न करने की वजह से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ उनके मतभेद रहे हैं।

ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस जी-7 सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ 17 जून का द्विपक्षीय बैठक प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी स्लोवाकिया की यात्रा पर हैं। वह 17 जून को जी-7 सम्मेलन में शामिल होने के लिए फ्रांस लौटेंगे। ट्रंप ने रवाना होने से पहले ईरान के साथ शांति समझौते के मसौदे पर सहमति की घोषणा की जिससे पश्चिम एशिया में करीब 107 दिनों से जारी युद्ध समाप्त हो जाएगा। इससे ट्रंप के लिए जी7 का माहौल बदल सकता है।


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को फ्रांस के एवियन-लेस-बेन्स में G7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करते हुए।

### होर्मुज से सुरंग हटाने पर चर्चा संभव

इस बीच, ट्रंप ने नाटो के सदस्य चार यूरोपीय देशों के नेताओं की आलोचना की, क्योंकि उन्होंने इस टकराव में अमेरिका का समर्थन नहीं किया। व्हाइट हाउस का कहना है कि उम्मीद है कि ट्रंप नेताओं के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने के बारे में चर्चा करेंगे। समझा जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के साथ समझौता प्रक्रिया को अपनी रणनीतिक उपलब्धि के तौर पर पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही वह युद्ध के कारण आलोचक बने पुराने दोस्तों से गिले-शिकवे दूर करने की भी कोशिश करेंगे। जानकारी के अनुसार, सम्मेलन में वह दुनिया के कई नेताओं से मुलाकात करेंगे।

### अमेरिका और ईरान डील का UN ने किया स्वागत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की घोषणा का स्वागत किया है। महासचिव गुतारेस ने इसे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने कहा, यह संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




### फ्रांस तो बस झांकी थी, असली जलवा ब्रातिस्लावा में दिखा!

#### कूटनीति के मंच पर मोदी का 'ग्लोबल मास्टरस्ट्रोक'!

सोमवार को दिल्ली से लेकर मध्य यूरोप के दिल ब्रातिस्लावा तक सिर्फ एक ही नाम की गूंज रही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इतिहास के पन्नों को पलटने वाले राजनीतिक प्रेक्षक इस बात से गदगद हैं कि स्लोवाकिया के एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद वहां कदम रखने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। ब्रातिस्लावा हवाई अड्डे पर जैसे ही विमान रुका, वहां के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार खुद अगवानी के लिए पलक-पावड़े बिछाए खड़े थे। सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं वहां की पारंपरिक 'रोटी और नमक' वाली रस्म ने जिससे पीएम मोदी का भव्य अभिनंदन किया गया। इस कूटनीतिक गर्मजोशी को देखकर इंटरनेशनल मीडिया भी मान रहा है कि भारत का रसूख अब किस ऊंचाई पर पहुंच चुका है! पीएम मोदी ने वहां मंच से जब 21वीं सदी की नई आर्थिक-तकनीकी वास्तविकताओं के अनुरूप वैश्विक संस्थानों में सुधार की हुंकार भरी तो दुनिया के बड़े-बड़े मंचों पर उसे बेहद गंभीरता से सुना गया! दिल्ली के सियासी गलियारों में भी आज इस 'रोटी-नमक' कूटनीति और रक्षा-तकनीक साझेदारी की बड़ी सहमति पर जमकर चर्चाएं रहीं!

### शांति की 'सफेद चादर' के नीचे सुलगता बारूद!

#### ट्रंप साहब ने ईरान से मिला लिया हाथ, लेकिन 'बीबी' (नेतनयाहू) छोड़ने को तैयार नहीं कमान!

अमेरिका और ईरान के बीच सोमवार 15 जून 2026 को एक ऐतिहासिक शांति समझौता हुआ है, जिसके तहत दोनों देश सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाइयां तुरंत रोककर 'स्ट्रैट ऑफ होर्मुज' को जहाजों की आवाजाही के लिए खोलने पर सहमत हुए हैं, लेकिन इस समझौते में ईरान द्वारा समुद्री सेवा शुल्क वसूलने के क्लॉज और परमाणु ढांचे के जस का तस रहने से इजराइल बेहद भड़का हुआ है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके दक्षिणपंथी मंत्रियों ने इस डील को एक 'ऐतिहासिक भूल' बताते हुए लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपनी सेना को पीछे हटाने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके कारण अब पूरी दुनिया के सामने यह यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि यदि इजराइल अकेले ही ईरान और सीरिया के ठिकानों पर हमले जारी रखता है तो क्या यह समझौता टिक पाएगा, क्योंकि इजराइल की एक भी एयरस्ट्राइक इस कांच के महल जैसी शांति को चकनाचूर कर सकती है जिससे वैश्विक तेल बाजार फिर से क्रैश होने और अमरीका-इजराइल संबंधों में हमेशा के लिए ऐतिहासिक दरार आने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है!



### खुद की नैया डगमगा रही और चले हैं दूसरों का झगड़ा सुलझाने!

#### आधा दर्जन 'दूल्हों' वाले राज्य में फिर आई कमेटी बनाने की नौबत पुरानी!

पंजाब कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों एक बार फिर साल 2021 वाला पुराना 'फ्लैशबैक' शुरू हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब के अंतहीन अंतर्विरोधों को सुलझाने और आगामी विधानसभा चुनाव का खाका तैयार करने के लिए अजय माकन, मीनाक्षी नटराजन और भजनलाल जाटव की एक त्रिमूर्ति (कमेटी) बनाकर उन्हें पंजाब का 'सरपंच' नियुक्त किया है। राजनीतिक प्रेक्षक इस बात पर जमकर चुटकी ले रहे हैं कि अजय माकन वही पुराने 'एक्सपर्ट' हैं, जिनकी 2021 की रिपोर्ट के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाकर चरणजीत सिंह चन्नी को बैठाया गया था, एक ऐसा आत्मघाती प्रयोग जिसने पंजाब में कांग्रेस को सत्ता से ही बेदखल कर दिया था। अब उसी स्क्रिप्ट को नए किरदारों के साथ दोहराने की तैयारी है! इधर पंजाब कांग्रेस में इस समय कम से कम आधा दर्जन ऐसे 'स्वयंभू' नेता हैं जो खुद को भावी मुख्यमंत्री मानकर सुबह-शाम शीशे के सामने शपथ ग्रहण का अभ्यास करते हैं!



### स्मार्टफोन की वर्चुअल रील्स की जगह, अब बच्चों को याद आएंगे मैदानों के असली खेल-कूद!

#### पीएम केअर स्टार्मर के 'चाइल्ड सेफ्टी मास्टरस्ट्रोक' की दुनिया भर में सराहना!

डाउनिंग स्ट्रीट (लंदन) से आई एक खबर ने पूरी दुनिया के नीति-निर्माताओं को अपनी नीतियां दोबारा पलटने पर मजबूर कर दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने का ऐलान किया है। राजनीतिक प्रेक्षक इस कदम को सिर्फ एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को बचाने का 'संजीवनी विजन' मान रहे हैं। पीएम स्टार्मर ने खुद बेहद संजीदगी से कहा है कि इस कड़े कदम से बच्चों की सुरक्षा तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही उन्हें उनका खोया हुआ बचपन भी वापस मिल सकेगा। अलबत्ता टेक कंपनियों और सोशल मीडिया दिग्गजों के लिए अब यह सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है कि वे इस सख्त नियम के दायरे में रहते हुए अपने प्लेटफॉर्म्स के वेरिफिकेशन सिस्टम को कैसे दुरुस्त करेंगे?



■ संकलन: संदीप मिश्रा

## खेल हलचल

### छींटाकशी पर श्रीलंका ए के खिलाड़ी की सूर्यवंशी से हुई तीखी बहस

एजेंसी | दाम्बुला



त्रिकोणीय श्रृंखला के मुकाबले में श्रीलंका ए ने भारत ए को सुपर ओवर में हराकर रोमांचक जीत दर्ज की, लेकिन मैच के बाद मैदान पर विवाद की स्थिति बन गई। भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए के एक खिलाड़ी के बीच तीखी बहस हो गई, जो लगभग हाथापाई तक पहुंच गई। सुपर ओवर में भारत ए को जीत के लिए 17 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम नौ रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने आखिरी तीन गेंदों का सामना करते हुए एक चौके की मदद से छह रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच समाप्त होने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण जश्न के बीच कथित छींटाकशी से नाराज सूर्यवंशी तेज गेंदबाज कुगाथस मथुलन की ओर बढ़ गए। स्थिति तनावपूर्ण होती देख दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

### राजस्थान जूडो टीम ने एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित जीते पांच पदक



**जयपुर।** चंडीगढ़ में आयोजित कैडेट नेशनल जूडो चैंपियनशिप में बॉयज सेक्शन में राजस्थान टीम ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर उपविजेता का खिताब जीता। महाराष्ट्र 2 गोल्ड मेडल जीत कर विजेता रहा। राजस्थान राज्य जूडो संघ के महासचिव महिपाल ग्रेवाल ने बताया है कि राजस्थान के सौरव ने 66 किलोग्राम में दिल्ली के प्रिंस गुप्ता को हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंकित राजोरा ने 55 किलोग्राम एवं विनय आचार्य ने 60 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अश्विन भारद्वाज ने 81 किलोग्राम, दिव्या पंवार ने 57 किलोग्राम व अंजली चौधरी ने 63 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### राजेंद्र के 4 गोल से एएसएल क्लब जीता

**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर के फुटबॉल मैदान पर आयोजित अंडर-13 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025-26 के मुकाबले रोमांचक रहे। लीग में कुल 56 मैच खेले जाने हैं, जिनमें से अब तक 32 मुकाबले संपन्न हो चुके हैं। दिन के पहले मैच में जयपुर बॉयज फुटबॉल अकादमी ने जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब को 2-0 से हराया। विजेता टीम के लिए खुशांत ने 26वें और क्रिश ने 50वें मिनट में गोल किए। दूसरे मुकाबले में एएसएल फुटबॉल क्लब ने रेड स्टोन फुटबॉल क्लब को 5-1 से शिकस्त दी। एएसएल की ओर से राजेंद्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वें, 40वें, 47वें और 58वें मिनट में चार गोल दागे, जबकि एक गोल पुनीत ने 30वें मिनट में किया। रेड स्टोन के लिए कृष्ण ने 28वें मिनट में पेनल्टी पर एकमात्र गोल किया।

## फीफा विश्वकप फुटबॉल: क्यूरासाओ को आसानी से 7-1 से रौंदा, हावर्ट्ज के दो गोल

# जर्मनी ने पढ़ाया फुटबॉल का सबक

एजेंसी | ह्यूस्टन

काई हावर्ट्ज के दो गोल की बदौलत जर्मनी ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ई मुकाबले में क्यूरासाओ को 7-1 से करारी शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। चार बार की विश्व चैंपियन जर्मन टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और टूर्नामेंट में आत्मविश्वास से भरी वापसी की।

मैच की शुरुआत में जर्मनी ने आक्रामक खेल दिखाया और छठे मिनट में फेलिक्स नेमेचा ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 21वें मिनट में क्यूरासाओ के लिवानो कोमेनेंसिया ने बॉक्स के अंदर से शानदार बाएं पैर का शॉट लगाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

जर्मनी ने जल्द ही मैच पर फिर से नियंत्रण स्थापित कर लिया। 38वें मिनट में नाथानिएल ब्राउन के कॉर्नर पर निको श्लॉटरबेक ने हेडर के जरिए गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में काई हावर्ट्ज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत के साथ ही जर्मनी ने अपना आक्रमण जारी रखा। 47वें मिनट में जमाल मुसियाला ने गोल किया, जबकि 68वें मिनट में नाथानिएल ब्राउन ने भी अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया। डेनिज़ उन्दाव ने 78वें मिनट में गोल कर बढ़त 6-1 कर दी। हावर्ट्ज ने 88वें मिनट में अपना दूसरा और टीम का सातवां गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। स्टेडियम में 68,021 दर्शक मौजूद थे, जिनमें अधिकांश जर्मनी के समर्थक थे।



काई हावर्ट्ज

### क्यूरासाओ ने रचा इतिहास

विश्व कप में 7-1 की हार झेलने के बावजूद क्यूरासाओ के लिए यह मुकाबला ऐतिहासिक रहा। कैरेबियाई क्षेत्र का यह छोटा देश विश्व कप में भाग लेने वाला सबसे छोटा राष्ट्र बन गया। इतना ही नहीं, टीम ने विश्व कप में अपना गोल भी दर्ज किया। 21वें मिनट में लिवानो कोमेनेंसिया ने शानदार गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर किया, जिससे क्यूरासाओ के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

### हावर्ट्ज और ब्राउन रहे जीत के नायक

जर्मनी की बड़ी जीत में काई हावर्ट्ज और नाथानिएल ब्राउन ने अहम भूमिका निभाई। हावर्ट्ज ने दो गोल किए, जबकि ब्राउन ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायता (असिस्ट) भी दी। जमाल मुसियाला, फेलिक्स नेमेचा, निको श्लॉटरबेक और डेनिज उन्दाव ने भी एक-एक गोल दागकर जर्मनी की 7-1 की शानदार जीत में योगदान दिया। कोच जूलियन नागेल्समैन ने कहा कि यह जीत टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी।

### यासीन अयारी के दो गोल से स्वीडन ने जीत दर्ज की



**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** यासीन अयारी के शानदार दो गोल की बदौलत स्वीडन ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ मुकाबले में ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की दमदार शुरुआत की। इस जीत के साथ स्वीडन ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। एस्टाडियो बीबीवीए स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अयारी ने सातवें मिनट में गोल कर स्वीडन को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अलेक्जेंडर इसाक ने 30वें मिनट में और विक्टर ग्योकेरेस ने 59वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त मजबूत कर दी। स्वीडन के लिए मैटियस स्वानबर्ग ने 84वें मिनट में चौथा गोल दागा, जबकि दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में अयारी ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर टीम की 5-1 की जीत पर मुहर लगा दी।

### डियालो के निर्णायक गोल से आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से पराजित किया



**फिलाडेल्फिया।** अमाद डियालो के अंतिम मिनट में किए गए गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ई मुकाबले में इक्वाडोर को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। 2014 के बाद पहली बार विश्व कप में खेल रही आइवरी कोस्ट की टीम ने इस जीत के साथ नॉकआउट चरण की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। मैच के अधिकांश समय दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

### जीत के करीब पहुंचकर चूकी नीदरलैंड टीम



**आर्लिंगटन।** दाइची कामाडा के मैच के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ मुकाबले में नीदरलैंड को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। हार की कगार पर खड़ी जापानी टीम ने शानदार वापसी करते हुए महत्वपूर्ण एक अंक हासिल किया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में खेल पूरी तरह बदल गया। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वैन डाइक ने 50वें मिनट में हेडर के जरिए गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि जापान ने सात मिनट बाद ही जवाब देते हुए कीटो नाकामुरा के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया। 64वें मिनट में क्रिसेंसियो समरविले ने रयान ग्रेवेनबर्च के पास पर शानदार गोल कर नीदरलैंड को फिर बढ़त दिला दी। इसके बाद ऐसा लग रहा था कि नीदरलैंड जीत दर्ज कर लेगा, लेकिन 88वें मिनट में कोकी ओगावा के कॉर्नर पर दाइची कामाडा ने हेडर लगाकर जापान को बराबरी दिला दी।

## हर्षवर्धन और समृद्धि बने ओपन वर्ग के चैंपियन

बेधड़क | जयपुर



एसएमएस स्टेडियम स्थित टेबल टेनिस हॉल में आयोजित द्वितीय जयपुर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जयपुर जिले के विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ओपन पुरुष वर्ग में हर्षवर्धन सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया, जबकि नैतिकवीर यादव उपविजेता रहे। राहुल महावर और सौरभ कपूर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। महिला वर्ग में समृद्धि व्यास ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि ख्याति शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। अदिश्री दासोंदी और अनुष्का आचार्य को कांस्य पदक मिला।

आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में तुषार रामचंदानी (अंडर-19 बालक), नैतिकवीर यादव (अंडर-17 बालक), कुश शुक्ला (अंडर-15 बालक), ईशान गोयल (अंडर-13 बालक), तरुशी (अंडर-11) और शिवांश कुमार (अंडर-9 बालक) ने स्वर्ण पदक जीते। बालिका वर्ग में समृद्धि व्यास (अंडर-19), आरना साहनेय (अंडर-17, अंडर-15 और अंडर-13), आध्या नेगी (अंडर-11) तथा पूर्विशा (अंडर-9) विजेता रहीं।

प्रतियोगिता के चीफ रेफरी संजीब परुई और आयोजन सचिव श्रीकिशन चौधरी रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## बिजनेस बेधड़क



शेयर बाजार

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 76,264.33 (+736.38) | 23,853.90 (+231) |



सर्राफा

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,53,700 (+1,700) | 1,42,500 (+1,200) | 2,57,000 (+5,000) |

## जरूरी खबर

### ऑटो सेक्टर में मई में यात्री वाहन बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के ऑटोमोबाइल बाजार में मई माह के दौरान मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। उद्योग संगठन सियाम (SIAM) के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई पर पहुंच गई, जबकि मई 2025 में यह आंकड़ा 3,44,656 इकाई था। सियाम द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। मई 2026 में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई रही, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 16,57,116 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहन खंड ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की। मई में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31.1% बढ़कर 70,720 इकाई हो गई, जबकि मई 2025 में यह 53,942 इकाई थी। आने वाले महीनों में भी वाहन बिक्री के मजबूत बने रहने की उम्मीद जताई है।

## मई में थोक महंगाई 9.68% पर पहुंची, रसोई से लेकर उद्योगों तक बढ़ा खर्च

# तेल की कीमतों में आग से महंगाई का तड़का, 43 माह का रिकॉर्ड टूटा

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में महंगाई ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। मई 2026 में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 8.26% थी। यह पिछले 43 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले सितंबर 2022 में थोक महंगाई 10.70 प्रतिशत दर्ज की गई थी। महज एक महीने में 1.42% अंक की बढ़ोतरी ने संकेत दे दिए हैं कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ती ऊर्जा कीमतों का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। महंगाई की इस नई लहर के पीछे सबसे बड़ा कारण ईंधन और बिजली की बढ़ती कीमतें हैं। मई में इस श्रेणी की महंगाई बढ़कर 30.33 प्रतिशत हो गई, जबकि अप्रैल में 24.89 थी। कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर भी बढ़कर 61.51% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 56.31 प्रतिशत थी।



### वैश्विक तेल आपूर्ति रहीं मुख्य कारण

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में पैदा हुई बाधाओं के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का सीधा असर देश की महंगाई पर पड़ा है। महंगाई की मार केवल पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रही। खाने-पीने की वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई दर अप्रैल के 2.43% से बढ़कर मई में 3.60% हो गई। वहीं फूड इंडेक्स के आधार पर खाद्य महंगाई 3.11% से बढ़कर 4.49 प्रतिशत तक पहुंच गई।

### कारखानों में उत्पादन लागत में इजाफा

मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की महंगाई दर अप्रैल के 6.68 प्रतिशत से बढ़कर मई में 7.48 प्रतिशत हो गई। इसका मतलब है कि उद्योगों के लिए कच्चे माल और उत्पादन लागत में इजाफा हुआ है, जिसका असर आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है।

### खुदरा स्तर पर भी दिखने लगा असर

महंगाई का असर खुदरा स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गई, जो पिछले 16 महीनों का उच्चतम स्तर है। अप्रैल में यह 3.48% थी। आरबीआई अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को आधार मानता है। इसी कारण वर्ष 2026-27 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया।

### महंगाई की 8 बड़ी बातें

- मई 2026 में थोक महंगाई 9.68%, अप्रैल में 8.26% थी।
- यह 43 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है।
- ईंधन एवं बिजली महंगाई 24.89% से बढ़कर 30.33% हुई।
- कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई 61.51% पर पहुंची।
- खाद्य वस्तुओं की महंगाई 2.43% से बढ़कर 3.60% हुई।
- विनिर्माण उत्पादों की महंगाई 7.48% दर्ज की गई।

## बाजार हलचल

### पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद से सेंसेक्स उछला

एजेंसी | मुंबई



अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की दिशा में बनी सहमति तथा कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट से उत्साहित निवेशकों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में जमकर खरीदारी की। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बीएसई सेंसेक्स 736.38 अंक की बढ़त के साथ 76,264.33 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 231 अंक चढ़कर 23,853.90 अंक पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,293 अंक से अधिक उछलकर 76,821.07 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी भी 24,011.40 अंक के उच्च स्तर तक गया। हालांकि दिन के अंत में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिली, लेकिन बाजार मजबूत बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा।

विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों से जारी तनाव को समाप्त करने के लिए हुए अंतरिम शांति समझौते ने वैश्विक निवेशकों की चिंताओं को काफी हद तक कम किया है। इस घटनाक्रम का असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार पर भी दिखाई दिया। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब पांच प्रतिशत गिरकर 82.90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया, जो पिछले तीन महीनों के निचले स्तरों में शामिल है। तेल कीमतों में गिरावट भारत जैसे आयात-निर्भर देशों के लिए राहत भरी मानी जा रही है क्योंकि इससे महंगाई पर दबाव कम होगा और आर्थिक स्थिरता को मजबूती मिलेगी।

## इंडिया स्टोन मार्ट-2028 के लिए एमओयू आज

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार की ओर से इंडिया स्टोन मार्ट-2028 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में लघु उद्योग भारती, रीको और सिडोस (CIDOS) के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, इंडिया स्टोन मार्ट के संयोजक नटवर अजमेरा तथा सिडोस के उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा मौजूद रहेंगे। लघु उद्योग भारती जयपुर प्रांत के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य इंडिया स्टोन मार्ट के संयुक्त आयोजकों को आयोजन की तैयारियों और उसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराना है, ताकि यह आयोजन और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जीएसटीएफ (ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम) विषय पर एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पत्थर उद्योग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।

## जेम्स-ज्वेलरी से लेकर मार्बल और मेहंदी उद्योग तक खुश, वैश्विक सप्लाई चेन सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी

# पश्चिम एशिया में शांति, राजस्थान के व्यापार को मिली संजीवनी

बेधड़क | जयपुर

अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद राजस्थान के उद्योग और व्यापार जगत में उत्साह का माहौल है। उद्योगपतियों का मानना है कि लंबे समय से चले आ रहे तनाव के समाप्त होने से वैश्विक बाजारों में स्थिरता लौटेगी, कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव कम होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई गति मिलेगी।

राजस्थान के निर्यात आधारित उद्योगों को इस घटनाक्रम से विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। जेम्स एंड ज्वेलरी, मार्बल-ग्रेनाइट, सोजत मेहंदी, कालीन, हस्तशिल्प, ब्लू पॉटरी और वस्त्र उद्योगों के लिए पश्चिम एशिया महत्वपूर्ण बाजार रहा है। उद्योग जगत का मानना है कि हवाई एवं समुद्री लॉजिस्टिक्स सामान्य होने से निर्यात प्रक्रिया आसान होगी और विदेशी बाजारों में मांग बढ़ेगी। व्यापारिक संगठनों के अनुसार युद्ध के दौरान वैश्विक सप्लाई चेन, कंटेनर उपलब्धता और भुगतान प्रणालियों पर अनिश्चितता बनी हुई थी। अब हालात सामान्य होने से निर्यातकों का भरोसा बढ़ेगा और अंतरराष्ट्रीय कारोबार में तेजी आने की संभावना है। समुद्री मार्ग सुचारू होने से डिलीवरी समय भी कम होगा।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक माहौल में स्थिरता आने से राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र को भी लाभ मिल सकता है। विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने से होटल, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजनाओं को भी गति मिलने की उम्मीद है।

### राजस्थान के आयात-निर्यात को फिर मिलेगी गति: फोर्टी

फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा कि 28 फरवरी से राजस्थान के आयातकों और निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। हालांकि सरकार के बेहतर प्रबंधन के कारण घरेलू बाजार में स्थिति नियंत्रण में रही, लेकिन वैश्विक बाजार में नकारात्मक माहौल बना हुआ था। अब शांति समझौते से वैश्विक व्यापार में विश्वास लौटेगा।



### सोलर सेक्टर को भी दिखी नई रोशनी: RSA

राजस्थान सोलर एसोसिएशन (RSA) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन अग्रवाल ने बताया कि अमेरिका व ईरान युद्धविराम का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्षेत्रीय तनाव कम होने से सौर उपकरणों और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) की लागत घटने की संभावना है। उन्होंने कहा कि देश के अग्रणी सौर ऊर्जा राज्य राजस्थान को इसका विशेष लाभ मिलेगा।



## किड्स फैशन फेस्टिवल के लिए फाइनल ऑडिशन और फोटोशूट

# जूनियर मॉडल्स ने आत्मविश्वास, टैलेंट और रैंप वॉक से जीता दिल

**बेधड़क** | जयपुर

जूनियर मॉडल्स ने रैंप पर टैलेंट दर्शाते हुए प्रोफेशनल्स को भी प्रभावित कर दिया। उनके जोश और जुनून ने जूरी को सोचने पर मजबूर किया और वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे। नजारा था जयपुर शहर में होने वाले किड्स फैशन फेस्टिवल के ग्रैंड शो के लिए टैलेंट राउंड, फाइनल ऑडिशन व फोटोशूट का। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रतिभा, आत्मविश्वास और रैंप वॉक का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम आयोजक अक्षय कश्यप व पूर्णिमा सोनी ने बताया कि केएफएफ बच्चों की प्रतिभा को निखारने और बड़े मंच पर पहचान बनाने का अवसर देता है। फाइनल ऑडिशन में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से उत्कृष्ट प्रतिभाओं का चयन आगामी शो के लिए किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व निर्णायक मंडल के रूप में पवन गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, सफारी ग्रुप, नीरज सिंह (अलवर), ह्यूमन राइट्स, नवल किशोर शर्मा, चीफ एडिटर, राज मीडिया टाइम्स, रेणुका जोशी, मिसेज इंडिया-डेज क्वीन-2025, पूजा शर्मा, मिसेज मारवाड़ व प्रांजल शर्मा, मिस टीन्स ऑफ राजस्थान उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



*बच्चों के साथ नीरज सिंह, नवल किशोर शर्मा, अक्षय कश्यप, मिसेज चमन और पूजा शर्मा व अन्य।*

### प्रोफेशनल्स ने दिए टिप्स

कार्यक्रम में वीनस फिल्म एंड इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर जे. जे. कश्यप का भी स्वागत किया गया। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से आयोजन सफल रहा। ऑडिशन व फोटोशूट के दौरान बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंचीय प्रस्तुति ने अतिथियों को प्रभावित व रोमांचित किया। आयोजकों ने बताया कि जल्द ही फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चयनित प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बच्चों ने प्रोफेशनल्स और अतिथियों से इंटरेक्ट करते हुए उपयोगी टिप्स भी लिए। जूनियर मॉडल्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयन के लिए कड़ा मुकाबला किया।

## City इवेंट्स

### रोजगार सृजन पर काम करेगी सरकार



**बेधड़क. जयपुर।** दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के संस्थापक चेयरमैन पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर राज्य में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदायों की उद्यमिता, रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि एससी-एसटी समुदायों के उत्थान और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना को अधिक लाभकारी बनाने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने डिक्की के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एससी-एसटी समुदायों के आर्थिक विकास, उद्यमिता संवर्द्धन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है तथा राज्य सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग करेगी। बैठक में डिक्की के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री रवि कुमार नर्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव डांगी, राजस्थान चेयर देवकीनंदन गोठा, उपाध्यक्ष निमेष बाबा तथा अंकित बाबेरवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव 19 से




**बेधड़क. जयपुर।** वेडिंग और इवेंट इंडस्ट्री के चर्चित आयोजनों में शामिल इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्लूटीसी) का तीसरा सीजन 19 और 20 जुलाई को कूकस स्थित होटल फेयर माउंट, जयपुर में होगा। इस आयोजन में देश-विदेश से 600 से अधिक इवेंट प्रोफेशनल्स शामिल होंगे, जिससे राजस्थान सहित पूरे देश की वेडिंग और इवेंट इंडस्ट्री को नया मंच और बड़ा व्यावसायिक अवसर मिलने की उम्मीद है।आयोजकों ने बताया कि आईडब्लूटीसी एक अनोखा "5-इन-1" कॉन्सेप्ट है, जिसके तहत इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, ब्राइडल एग्जीबिशन, ब्राइडल फैशन शो, मॉक बारात और वेडिंग इंडिया अवॉर्ड्स आयोजित किए जाते हैं। वेडिंग इंडिया अवॉर्ड्स से वेडिंग इंडस्ट्री में योगदान देने वाले प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया जाता है। आयोजन में रितु राज खन्ना, जेडी मेहता, संजीव कपूर सहित देश-विदेश के स्पीकर्स और वेडिंग इंडस्ट्री की हस्तियां मौजूद रहेंगी। वहीं नरेंद्र शर्मा समेत विभिन्न देशों के प्रेसिडेंट्स और इंटरनेशनल प्रतिनिधि भी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। गौरतलब है कि पिछले सीजन में 300 से अधिक इवेंट प्रोफेशनल्स शामिल हुए थे, जिससे इंडस्ट्री को लाभ मिला। इस बार प्रतिभागियों की संख्या दोगुनी होने जा रही है, जिससे नेटवर्किंग, बिजनेस एक्सपेंशन और नई संभावनाओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। आयोजन को लेकर हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने पोस्टर का अवलोकन किया। आईडब्लूटीसी सीजन-3 को वेडिंग, टूरिज्म और इवेंट इंडस्ट्री के लिए बड़े प्लेटफॉर्म के रूप में देखा जा रहा है, जो जयपुर को ग्लोबल वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में और मजबूत पहचान देगा।

### युवा डांसर्स की प्रस्तुति से दर्शक हुए मुग्ध



**बेधड़क. जयपुर।** बस्कर्स इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एंड डांस ने रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 'फ्यूजन-2026' वार्षिक डांस फेस्टिवल का आयोजन किया। कार्यक्रम में जयपुर की अलग-अलग शाखाओं से करीब 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महीनों की तैयारी और प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों ने बॉलीवुड, हिप-हॉप, जैज, कंटेम्परारी और फ्यूजन सहित विभिन्न नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में पत्रकार कॉलोनी के युवा डांसर्स ने 'डिस्को दीवाने...', 'कोई कहे कहता रहे...' तथा 'जनाबे आली...' गीतों पर आधारित फ्यूजन प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा के समापन पर विभिन्न आयोजन

# युवाओं को संस्कारों से जोड़ने को 5 हजार किमी की यात्रा



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सिंधी अकादमी, भारतीय सिंधु सभा राजस्थान व भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की ओर से मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में आयोजित 29 दिवसीय 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा-2026' का समापन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सिंधुपति महाराजा दाहिरसेन बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुए।

सभा प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर मोरवाणी ने बताया कि सिंधी समाज की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने के लिए 17 मई को अमरापुर आश्रम व महामण्डलेश्वर श्रीहंसराम उदासीन संतों के आशीर्वाद से सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा प्रारम्भ हुई, जो प्रदेश के 31 जिलों में 5 हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा तय कर जयपुर पहुंची। स्वागत भाषण में कार्यक्रम संयोजक नवलकिशोर गुरनाणी ने सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा के बारे में बताया। भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास अध्यक्ष मोहन लाल वाधवाणी व सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व यात्रा प्रभारी महेन्द्र कुमार तीथाणी ने उद्बोधन में यात्रा के प्रयोजन पर कहा कि युवा पीढ़ी को मातृभाषा व संस्कारों से जोड़ने तथा उनमें सांस्कृतिक चेतना का संचार करने के उद्देश्य से गौरवमयी यात्रा का आयोजन किया गया। अब प्रदेश स्तरीय पंचायत मुखी सम्मेलन 3-4 अक्टूबर को जयपुर में होगा।

यात्रा संयोजक गिरधारी लाल ज्ञानाणी, सह-संयोजक डॉ. प्रदीप गेहाणी, प्रदेश अध्यक्ष (मातृशक्ति) शोभा बसंताणी ने कहा कि यात्रा के दौरान जिलों में जिला सम्मेलन आयोजित कर सांस्कृतिक आयोजन किए गए, जिनमें मातृशक्ति व युवाओं की भागीदारी रही। साथ ही बाल संस्कार शिविर, योग, खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगितियों का भी आयोजन किया गया।

भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश लखवाणी ने सिंधु दर्शन यात्रा के बारे में जानकारी देकर यात्रा से जुड़ाव का आह्वान किया।



### सिंधी गीतों पर परफॉर्म कर दिए संदेश

कार्यक्रम में बाल संस्कार शिविरों में तैयार किए गए बच्चों की ओर से विभिन्न सिंधी गीतों पर प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बालक-बालिकाओं, राज्यभर में यात्रा में जिले की सहयोगी इकाइयों के पदाधिकारियों, विभिन्न जिलों की पंचायतों के पदाधिकारियों व शिविर प्रभारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परम साध मुकेश, सिंधी सैन्ट्रल पंचायत अध्यक्ष गिरधारी लाल मनकाणी, मनोज सेवाणी, कमल आसवाणी, कमलेश आसूदाणी, डॉ. रमेश बचाणी, कैलाश शिवनाणी, नारायणदास नाजवाणी, धर्मदास मोटवाणी, विष्णु सामताणी, तुलसी संगताणी, मोहन नानकाणी, मूलचंद बसंताणी, रमेश केवलाणी, अशोक छाबड़ा, निर्मल लखवाणी, नारायण परनाणी, किरण होतवाणी, अंजली ज्ञानानी, मास्टर हेमनदास, लता भारद्वाज, कैलाश मंगलाणी, लख्मीचंद लालवाणी, इन्द्र रामाणी, बीकानेर से टीकम पारवानी, खैरथल से प्रताप कटारा, राजस्थान सिंधी अकादमी प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में समाज के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय सिंधु सभा जयपुर महानगर अध्यक्ष हीरालाल तोलाणी ने किया।

# जगतपुरा में खुला UFC जिम इंडिया का दूसरा क्लब




**बेधड़क** | जयपुर

मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स संस्था यूएफसी के फिटनेस ब्रांड यूएफसी जिम इंडिया ने जयपुर महल रोड, जगतपुरा में दूसरे प्रीमियम फिटनेस क्लब का शुभारम्भ करते हुए जयपुरवासियों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया। इससे पहले सेंटर मानसरोवर स्थित सनी ट्रेड सेंटर में शुरू किया गया था।

करीब 20,000 वर्गफुट में फैला यह सेंटर आधुनिक फिटनेस, एमएमए ट्रेनिंग, फंक्शनल ट्रेनिंग, ग्रुप फिटनेस क्लासेज, बच्चों के लिए कार्यक्रमों, न्यूट्रिशन व रिकवरी सुविधाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है। इस मौके पर यूएफसी जिम इंडिया के चेयरमैन फरजाद पालिया ने कहा कि मानसरोवर में पहले क्लब को मिली सफलता ने जयपुर के फिटनेस परिदृश्य को नई दिशा दी है। हमें विश्वास है कि नया सेंटर क्षेत्र के लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यूएफसी जिम इंडिया के संस्थापक व प्रबंध निदेशक इस्तयाक अंसारी ने कहा कि जगतपुरा में विस्तार भारत के उभरते शहरी क्षेत्रों तक प्रीमियम फिटनेस अनुभव पहुंचाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। यह केवल जिम नहीं, बल्कि संपूर्ण फिटनेस व रिकवरी डेस्टिनेशन है, जहां व्यक्ति और परिवार दोनों अपनी फिटनेस यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। यूएफसी जिम के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - इंटरनेशनल फ्रेंचाइज एंड ग्लोबल फिटनेस ऑपरेशंस डॉनी ओलिवर ने कहा कि भारत यूएफसी जिम के वैश्विक विस्तार के लिए महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। यूएफसी जिम, जगतपुरा की सब-लाइसेंसी सीए काजोल पलसानिया ने कहा कि जगतपुरा तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है और हम इसकी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### अनीशा को आइकॉनिक आर्टिस्ट सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** कला जगत में पहचान बनाने वाली सिंगर व संगीत शिक्षक अनीशा काबरा को हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से आयोजित 'हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड-2026' में 'आइकॉनिक आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' सम्मान से नवाजा गया। उन्हें कलात्मक योगदान, रचनात्मक उपलब्धियों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव के लिए नामांकित किया गया था। चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें 'आइकॉनिक आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। अनीशा काबरा ने संगीत कला के माध्यम से न केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति को नया आयाम दिया है, बल्कि युवा कलाकारों को प्रेरित करने का कार्य भी किया है। वे 'संस्कार', 'इंडियन आइडल' सहित कई टीवी शो में परफॉर्म कर चुकी हैं।

## राष्ट्रीय अध्ययन | विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर हेल्पएज इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# सुरक्षा व आपदा प्रबंधन में बुजुर्गों को मिले प्राथमिकता

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस-2026 पर हेल्पएज इंडिया व सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सेक्टर-10, मानसरोवर स्थित कम्युनिटी सेंटर में 'जलवायु अनुकूल वृद्धावस्था - देखभाल, गरिमा व स्वायत्तता सुनिश्चित करना' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट जारी की गई तथा विचार-विमर्श परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हेल्पएज इंडिया की उपनिदेशक वंदना चौधरी सहित एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। परिचर्चा का संचालन शैलेश यादव ने किया।



पैनल में प्रो. सुशीला (पूर्व विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय), शैलेन्द्र शर्मा (विशेष संवाददाता, दैनिक भास्कर), हेमलता शर्मा (निदेशक, अर्थ एसोसिएशन), डॉ. यश दशोरा (सीनियर मेडिकल ऑफिसर, राजस्थान सरकार) तथा सीमा सैनी (प्रबंध निदेशक, ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन) शामिल रहीं। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हेल्पएज इंडिया के राष्ट्रीय अध्ययन में 10 राज्यों के 20 जिलों के 2,224 वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया।

अध्ययन में पाया गया कि जलवायु परिवर्तन का ग्रामीण भारत के बुजुर्गों पर प्रभाव पड़ रहा है और विशेष रूप से आर्थिक व सामाजिक रूप से वंचित वरिष्ठ नागरिक अनेक उच्च जोखिम वाली चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### 78% बुजुर्ग जलवायु आपदा से प्रभावित

अध्ययन के अनुसार तीन वर्षों में 78 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक किसी न किसी जलवायु आपदा से प्रभावित हुए हैं, जिनमें हीटवेव (45%), बाढ़ (27%) और सूखा (20%) प्रमुख हैं। अकेले रहने वाले बुजुर्गों, विधवाओं, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों पर इन आपदाओं का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पाया गया। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को नीति निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन योजनाओं में प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि वे गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

## गणगौर टीवी के 'माटी रा मोती' कार्यक्रम में डॉ. रूमा देवी की प्रेरक यात्रा

# रेत के धोरों में हुनर के सुई-धागे से बुनी वैश्विक सफलता की कहानी


डॉ. रूमा देवी।


डॉ. रूमा देवी से संवाद करतीं दीपिका शर्मा।

**बेधड़क | जयपुर**

गणगौर टीवी की चर्चित प्रेरणादायी श्रृंखला 'माटी रा मोती' के नवीनतम एपिसोड में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फैशन डिजाइनर, सामाजिक कार्यकर्ता और नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रूमा देवी के प्रेरक जीवन सफर को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया। बाड़मेर के एक छोटे से गांव से निकलकर वैश्विक पहचान बनाने तक की उनकी यात्रा आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। राजस्थान की विशिष्ट प्रतिभाओं तथा उनके संघर्ष, संकल्प और सफलता की कहानियों को सामने लाने वाली 'माटी रा मोती' श्रृंखला के इस एपिसोड में रूमा देवी के जीवन और उपलब्धियों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। एंकर दीपिका शर्मा के साथ हुई विस्तृत बातचीत में डॉ. रूमा देवी ने एक ग्रामीण कारीगर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली फैशन डिजाइनर और सामाजिक सुधारक बनने तक के अपने सफर को साझा किया। उन्होंने धैर्य, महिला सशक्तीकरण और आत्मविश्वास से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभवों पर भी चर्चा की। साथ ही बताया कि किस प्रकार उन्होंने व्यक्तिगत कठिनाइयों को अवसरों में बदला और पारंपरिक हस्तशिल्प व कढ़ाई को सामाजिक तथा आर्थिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बनाया।

### यूट्यूब पर उपलब्ध है एपिसोड

जो दर्शक इस एपिसोड का मूल प्रसारण नहीं देख सके, वे अब इसे गणगौर टीवी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। यह एपिसोड डॉ. रूमा देवी की संघर्ष, सशक्तीकरण और सफलता से भरी प्रेरणादायी यात्रा को करीब से जानने का अवसर प्रदान करता है।

### सामाजिक रूढ़ियों और बाधाओं से किया संघर्ष

अपने अनुभव साझा करते हुए रूमा देवी ने कहा कि ग्रामीण भारत प्रतिभा और हस्तकला कौशल से समृद्ध है, लेकिन कारीगरों को अक्सर उचित मंच और प्रोत्साहन नहीं मिल पाता। उन्होंने उन चुनौतियों को याद किया, जब महिलाओं को घरों से बाहर निकलकर काम करने के लिए प्रेरित करना आसान नहीं था। घूंघट प्रथा और सामाजिक रूढ़ियों जैसी बाधाओं के बीच उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, लगातार प्रयासों और शुरुआती सफलताओं ने धीरे-धीरे समाज का विश्वास जीता और महिला सशक्तीकरण के एक बड़े आंदोलन की नींव रखी। आज उनकी पहल के माध्यम से थार क्षेत्र की हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। रूमा देवी ने यह भी बताया कि किस प्रकार उन्होंने पारंपरिक राजस्थानी कढ़ाई और लोक कला को आधुनिक फैशन के साथ जोड़ा तथा गांवों की हस्तकला को अंतरराष्ट्रीय फैशन मंचों तक पहुंचाया। इसके परिणामस्वरूप राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली।

### बदलाव का सशक्त उदाहरण

एपिसोड में यह भी दर्शाया गया कि सुई और धागे से शुरू हुआ एक छोटा प्रयास किस प्रकार एक प्रेरणादायी सफलता की कहानी में बदल गया। यह यात्रा साबित करती है कि समर्पण, कौशल और दृढ़ संकल्प के बल पर सबसे कठिन परिस्थितियों को भी पार किया जा सकता है। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि की कहानी नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाने का सशक्त उदाहरण भी है। गणगौर टीवी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पवन अरोड़ा ने बताया कि इस एपिसोड को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों से व्यापक सराहना मिली है। यह दर्शाता है कि संघर्ष, सशक्तीकरण और जमीनी स्तर की सफलता की कहानियों से दर्शकों का गहरा जुड़ाव है। 'माटी रा मोती' श्रृंखला लगातार राजस्थान के उन अनसुने नायकों को सामने ला रही है, जिनकी प्रतिभा, समर्पण और योगदान ने प्रदेश को गौरवान्वित किया है तथा उन्हें देश और दुनिया में पहचान दिलाई है।

## MEET & GREET


डॉ. जगदीश चंद्र से नई दिल्ली की उभरती मॉडल रिया सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान रिया ने डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत किया। गौरतलब है कि रिया शूट के सिलसिले में जयपुर आईं थी।

### स्वदेशी वस्त्र कला से परिचित कराया



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय पारंपरिक वस्त्र कला और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इनवोगनारी की साड़ी व लाइफस्टाइल कम्युनिटी स्टक ऑन माई पल्लू ने हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारत की ब्लॉक प्रिंटिंग परंपरा और स्वदेशी वस्त्र कलाओं से परिचित कराना रहा। कार्यशाला का संचालन अर्बन ब्लॉक की संस्थापक निलिमा बैद ने किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक लकड़ी के ब्लॉक्स और रंगों की सहायता से टोट बैग्स पर आकर्षक डिजाइन तैयार किए। इस रचनात्मक अनुभव ने न केवल उनकी कलात्मक अभिरुचि को बढ़ावा दिया, बल्कि सदियों पुरानी कला में निहित कौशल, धैर्य और सृजनात्मकता के प्रति सम्मान भी विकसित किया। आयोजकों ने बताया कि भारत की विविध वस्त्र एवं हस्तशिल्प परंपराओं का संरक्षण और संवर्द्धन समय की आवश्यकता है।

## किड्स फैशन शो के ग्रैंड फिनाले में प्रदेशभर से आए बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# चित्रांशा बनीं रनवे 62 की विनर लवजीत को प्रिंस का खिताब


स्मिता बंसल के साथ नीलेश, दीपक, योगिता, प्रेरणा, हिमांश, शनाया, दिया, प्रियांक, जैस्मिन, हिमानी, यशस्वी, इल्मा, छवि, थिया, चित्रांशा, इशिका, कर्णिका, चहक, शिवाय, लवजीत, वेदांशी, आकृति सांवलिया, डिंपल और अर्चना।

**बेधड़क | जयपुर**

रनवे 62 किड्स फैशन शो-2026 के ग्रैंड फिनाले में राजस्थान के विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रैंप वॉक का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। ग्रैंड उनियारा, जयपुर में आयोजित वॉल्केनो इवेंट्स प्रस्तुत इस आयोजन का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से किया गया। स्मार्ट बाजार सपोर्ट पार्टनर व रिलायंस डिजिटल पार्टनर रहे। कड़े मुकाबले और कई राउंड्स के बाद चित्रांशा ने रनवे 62 विनर का खिताब अपने नाम किया। वहीं छवि को फर्स्ट रनरअप और हेमांश को सेकंड रनरअप घोषित किया गया। लवजीत ने रनवे 62 प्रिंस तथा सोनाक्षी ने रनवे 62 प्रिंसेस का खिताब हासिल किया।


शिवाय और थिया
सर्वाणी और मनांश

### विशेष अवार्ड दिए

फिनाले में विभिन्न विशेष श्रेणियों में भी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। शिवाय को लिटिल स्टार ऑफ द शो, कर्णिका सोनी को बेस्ट परफॉर्मर, शनाया को फैशन आइकॉन किड, इल्मा को मिनी ग्लैम स्टार, चहक को यंग कॉट्योर स्टार, इशिका को बेस्ट वॉक, थिया को मिनी सेलिब्रिटी, प्रियांक को बेस्ट स्माइल तथा जैस्मिन को बेस्ट कॉन्फिडेंट अवार्ड दिया गया।

### मी एंड माय मॉम राउंड रहा खास

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण मी एंड माय मॉम राउंड रहा, जिसमें वेदांशी व यशस्वी की जोड़ी ने प्रस्तुति देकर दिल जीत लिया और विशेष सम्मान प्राप्त किया। सफलता की खुशी में प्रतिभागी भावुक हो गए, जबकि अभिभावकों के चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। मंच पर बच्चों की मुस्कान, उत्साह और खुशी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। सेलिब्रिटी गेस्ट स्मिता बंसल ने विजेताओं को ट्रॉफी व सम्मान देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं निर्णायक मंडल में अभिषेक महेंद्रू, आकृति सांवेलिया और हिमानी कटारिया ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।


स्मिता बंसल का स्वागत करते डिंपल, अनिल देवड़ा, अर्चना और दीपक।


स्मिता बंसल, ज्यूरी सदस्य हिमानी कटारिया और आकृति सांवेलिया के साथ रनवे 62 की विजेता चित्रांसा। साथ में हैं प्रेरणा, दिया और डिंपल।

## 'आभार' में सेवा-समर्पण का सम्मान

# संस्कृति पर विश्वास के कारण ही आपदाओं में अडिग रहता है भारत


विधायक गोपाल शर्मा और रामप्रसाद का सम्मान करते अंकित खंडेलवाल।


विधायक गोपाल शर्मा के साथ बाएं से सांवरमल जांगिड़, रामप्रसाद, अंकित खंडेलवाल, डॉ. राजीव अग्रवाल और नितिन अग्रवाल।

**बेधड़क | जयपुर**

लॉयन्स क्लब जयपुर हवामहल की ओर से 2025-26 में की गई अभूतपूर्व और असीमित सेवा गतिविधियों में शामिल होने वाले सदस्यों के सम्मान में कार्यक्रम 'आभार-2026' का आयोजन किया गया।

क्लब अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल और कैलाश खंडेलवाल ने बताया कि 24 घंटे के कार्यक्रम का आगाज सुबह आगरा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले रोगियों को वस्त्र वितरण के साथ किया गया। दोपहर में लॉयन डॉ. ए.के. भार्गव ने पौधारोपण और परिवार के लिए मनोरंजक खेलकूद आयोजित किए। शाम को वर्षभर सेवा गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेने वाले क्लब सदस्यों को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामप्रसाद और सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्लब अध्यक्ष लॉयन अंकित खंडेलवाल ने अतिथियों और लॉयन सदस्यों का अभिवादन किया। क्लब सचिव लॉयन डॉ. राजीव अग्रवाल ने वर्षभर के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### संस्कारों से जुड़े कार्यक्रम करने का सुझाव

विधायक गोपाल शर्मा ने लॉयन्स क्लब हवामहल की ओर से किए गए कार्यों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामप्रसाद ने लॉयन्स क्लब हवामहल की ओर से किए जा रहे सेवा, समर्पण, शिक्षा और सम्मान के साथ संस्कार के कार्यक्रम भी आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत हर वैश्विक आपदा में भी केवल अपने नागरिकों के संस्कृति के प्रति विश्वास के कारण ही अडिग रहता है। कार्यक्रम चेयरमैन एस.एन. गुप्ता व संयोजक लॉयन नितिन अग्रवाल ने आभार जताया। लॉयन एस.एन. गुप्ता और लॉयन नरेश बंसल ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में क्लब के आगामी अध्यक्ष लॉयन प्रकाश रावत, कोषाध्यक्ष लॉयन नवनीत सोगानी, वरिष्ठ सदस्य लॉयन सुरेंद्र गुप्ता, लॉयन अशोक आकड़, लॉयन आनंद अग्रवाल, लॉयन मनीष गुप्ता, लॉयन हरिराम सोनी, लॉयन धर्मेश शर्मा, मुकुल भार्गव सहित सभी सदस्य व परिवारजन उपस्थित रहे। इस दौरान वृक्षारोपण किया गया तथा पक्षियों के लिए परिंदे भी लगाए गए।

**अनूठी देशभक्ति** | 27 वर्षों में 400 शहीद जवानों के परिजनों को भेंट कर चुके पोर्ट्रेट

# कला के माध्यम से शहादत को नमन, रंगों से सहेजी शहीदों की यादें



**आयुषी महर्षि | बेधड़क**


मुख्यमंत्री के साथ चंद्रप्रकाश।


पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के साथ चंद्रप्रकाश।


शहीद के परिजनों को पोर्ट्रेट भेंट करते चंद्रप्रकाश।

**जयपुर।** देशभक्ति केवल सीमा पर तैनात सैनिकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि देश के हर नागरिक के भीतर यह भावना किसी न किसी रूप में जीवित रहती है। कोई इसे शब्दों में व्यक्त करता है तो कोई अपने कर्मों से निभाता है। जयपुर के चंद्रप्रकाश गुप्ता पिछले 27 वर्षों से अपनी कला के माध्यम से शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उनका यह कार्य न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज के लिए एक मिसाल भी बन चुका है। उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य शहीद सैनिकों की यादों को उनके परिवारों तक जीवित रखना बना लिया है। अब तक वे 400 से अधिक शहीद जवानों के पोर्ट्रेट तैयार कर उनके परिजनों को भेंट कर चुके हैं। उनके बनाए चित्र केवल रंगों और कागज का मेल नहीं, बल्कि सम्मान, गर्व और भावनाओं का सजीव स्वरूप होते हैं। इस पहल की शुरुआत एक छोटे से प्रयास से हुई थी, लेकिन समय के साथ यह एक मिशन बन गई। कलाकार बताते हैं कि जब उन्होंने पहली बार किसी शहीद का चित्र बनाकर उसके परिवार को सौंपा, तब परिजनों के चेहरे पर दिखी संतुष्टि और आंखों में झलकी खुशी ने उन्हें इस कार्य को जीवनभर जारी रखने की प्रेरणा दी। तभी उन्होंने तय कर लिया कि उनकी कला केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनेगी।

कई बार शहीद की अच्छी तस्वीर उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में वे पुराने या धुंधले फोटो के आधार पर भी जीवंत चित्र तैयार कर देते हैं। संसाधनों की कमी, समय की बाधाओं और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने अपने संकल्प को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। कई बार उन्हें दूर-दराज के गांवों तक भी जाना पड़ता है, लेकिन परिजनों के चेहरे पर मुस्कान देखकर उनकी सारी थकान दूर हो जाती है।

समय के साथ उनकी इस मुहिम से अन्य लोग भी जुड़ने लगे हैं। कोई आर्थिक सहयोग करता है तो कोई इस अभियान को आगे बढ़ाने में मदद करता है। इस तरह यह पहल एक सामूहिक प्रयास का रूप लेती जा रही है, जो शहीदों के सम्मान की अनूठी मिसाल पेश करती है। कलाकार का मानना है कि शहीद केवल एक परिवार के नहीं, बल्कि पूरे देश के होते हैं। इसलिए उनका सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। वे अपने इस कार्य को उन वीर जवानों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि मानते हैं, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भविष्य में भी वे इस कार्य को जारी रखने के लिए संकल्पित हैं। उनका सपना है कि वे हर उस शहीद परिवार तक पहुंचें, जिनकी स्मृतियां समय के साथ धुंधली पड़ रही हैं। वे चाहते हैं कि उनकी कला के माध्यम से शहीदों का बलिदान और उनकी कहानियां आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती रहे। यह कहानी केवल एक कलाकार की नहीं, बल्कि उस जज्बे की है, जो हमें देश और उसके वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। यह पहल बताती है कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में भी जीवित रह सकती है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 16 जून, 2026



जहां तुलना समाप्त होती है, वहीं प्रसन्नता खिलती है।
डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



### राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने किया CM का अभिनंदन

# भवानीपुर फतह करने वाले बीजेपी कार्यकर्ताओं ने की CM से मुलाकात

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग एजेंटों व प्रमुख कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को चुनाव में मिली सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं और उनकी मेहनत ही जनता का विश्वास अर्जित करती है। मुख्यमंत्री ने भवानीपुर क्षेत्र में मिली जीत को संगठनात्मक क्षमता और संघर्षशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित, सुशासन और विकास की विचारधारा के प्रति जनता का समर्थन लगातार बढ़ रहा है, जो भाजपा की नीतियों पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भविष्य में भी जनसेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है जीत: भजनलाल शर्मा



*भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग एजेंट एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात। इस दौरान राजेंद्र राठौड़ भी रहे मौजूद।*

### सीएम ने लगाई आस्था की डुबकी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार दोपहर बाद देहरादून पहुंचे, जहां से वे हरिद्वार के कनखल क्षेत्र गए। यहां सोमवती अमावस्या के अवसर पर उन्होंने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और विधिवत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मां गंगा से राजस्थान सहित देश में सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

### राजेंद्र राठौड़ ने साझा किए चुनावी अनुभव

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि चुनाव के दौरान सफलता के लिए राजस्थान के आस्था केंद्र श्री सालासर बालाजी और श्री खाटूश्यामजी में मन्नत मांगी गई थी, जो परिणाम आने के बाद पूर्ण हुई। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान आकर दोनों धामों में दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुलाकात के दौरान पश्चिम बंगाल से आए कार्यकर्ताओं ने अपने चुनावी अनुभव साझा किए, साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

### गहलोत ने गेहूं खरीद अवधि बढ़ाने की मांग की

## 'बारिश से लाखों क्विंटल गेहूं खराब होने का खतरा'

बेधड़क | जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित प्रदेशभर में किसानों का बढ़ता आक्रोश सरकार की अदूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। खरीद अवधि में कटौती और अव्यवस्थाओं के कारण हजारों किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं।

गहलोत ने कहा कि हर वर्ष 30 जून तक चलने वाली गेहूं खरीद को पहले 31 मई और अब 19 जून तक सीमित कर दिया गया है। इससे बड़ी संख्या में पंजीकृत किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, जबकि खरीद की समय-सीमा लगातार नजदीक आती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में बारदाने की कमी और गेहूं के धीमे उठाव के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं बेमौसम बारिश की आशंका के चलते खुले में रखा लाखों क्विंटल गेहूं खराब होने के खतरे से घिरा हुआ है। बारिश होने पर अनाज में नमी बढ़ने से उसके रिजेक्ट होने की आशंका भी बनी हुई है।

### घर बनाने का सपना हुआ सस्ता

## 250 वर्गमीटर तक के भूखंडों पर सिर्फ 2500 रुपए में मिलेगी निर्माण स्वीकृति

- बड़े भूखंडों पर भी 50% शुल्क छूट, निरस्त आवंटनों की बहाली अब स्थानीय स्तर पर होगी

बेधड़क | जयपुर

शहरी सेवा शिविर-2026 के बीच राज्य सरकार ने आमजन को बड़ी राहत देते हुए भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है।

स्वायत्त शासन विभाग (UDH-LSG) ने स्पष्ट किया है कि 250 वर्गमीटर तक के भूखंडों पर भवन निर्माण स्वीकृति के लिए अब केवल 2500 रुपए शुल्क लिया जाएगा। इससे छोटे भूखंड मालिकों को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ मिलेगा और भवन निर्माण की प्रक्रिया अधिक आसान हो सकेगी। 10 जून को जारी आदेश के बाद शुल्क को लेकर विभिन्न निकायों और आमजन में बनी असमंजस की स्थिति को दूर करने के लिए विभाग ने विस्तृत स्पष्टीकरण जारी किया है। इसके अनुसार 250 वर्गमीटर से बड़े भूखंडों के मामलों में भवन स्वीकृति शुल्क पर 50% की छूट दी जाएगी। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि बेटरमेंट लेवी, पार्किंग शुल्क, पौधारोपण शुल्क और रेनवाटर हार्वेस्टिंग शुल्क में किसी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी।

### निरस्त आवंटनों को मिलेगी नई जिंदगी, हजारों को राहत

आमजन को एक और बड़ी राहत देते हुए सरकार ने निरस्त आवंटन और नीलामी मामलों की बहाली की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब ऐसे मामलों को दोबारा बहाली के लिए राज्य सरकार को भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। शिविर अवधि में स्थानीय निकाय स्तर पर ही आवंटन बहाली का निर्णय लिया जा सकेगा, जिससे लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण होगा। ले-आउट प्लान अनुमोदन शुल्क को लेकर भी सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। जिन मामलों में धारा 90-ए की कार्रवाई हो चुकी है, उन्हें अनुमोदन में राहत मिलेगी, लेकिन शुल्क नई टाउनशिप नीति के अनुसार ही देय होगा। इसके अलावा, अपंजीकृत दस्तावेजों के मामलों में भी वित्त विभाग के 11 फरवरी 2020 के आदेश के अनुसार छूट का लाभ दिया जाएगा। सरकार शहरी सेवा शिविरों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है और आमजन को अधिकतम राहत देने के लिए त्वरित निर्णय ले रही है। इससे हजारों लोगों के लंबित मामलों के समाधान का रास्ता साफ होने की उम्मीद है।

### मुख्य सचिव ने शासन सचिवालय में परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

## पचपदरा रिफाइनरी से इसी माह उत्पादन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी, पचपदरा (बालोतरा) से इसी माह पेट्रोल और डीजल उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। सोमवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शासन सचिवालय में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उत्पादन शीघ्र शुरू करने और शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि रिफाइनरी में पेट्रोल एवं डीजल उत्पादन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और इसी महीने उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वी. श्रीनिवास ने कहा कि यह परियोजना राजस्थान की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शेष कार्य पूरे करें, ताकि उत्पादन बिना किसी देरी के शुरू हो सके। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के ACS अभय कुमार, खान एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, विशिष्ट शासन सचिव नम्रता वृष्णि सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिजिटल गवर्नेंस का महाकुंभ 1 जुलाई से

**जयपुर।** जयपुर आगामी 1 और 2 जुलाई को डिजिटल गवर्नेंस के राष्ट्रीय मंच का केंद्र बनेगी। ई-गवर्नेंस पर 29वां राष्ट्रीय सम्मेलन आरआईसी में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और नवाचारकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को समीक्षा बैठक कर सभी व्यवस्थाएं 19 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 1 जुलाई से लागू होगा VB-G RAM G मिशन

## राजस्थान को 11,581 करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार 1 जुलाई 2026 से देशभर में 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (VB-GRAM-G) लागू करने जा रही है। ग्रामीण रोजगार और आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही इस नई व्यवस्था के तहत राजस्थान को 11,581 करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन मिलेगा। योजना के तहत केंद्र सरकार राजस्थान के लिए 7,581 करोड़ रुपए उपलब्ध कराएगी, जबकि राज्य सरकार की ओर से 4,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया जाएगा। वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्र सरकार ने इस मिशन के लिए 95,692 करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया है।

### मुख्य सचिव ने देखा शिविरों का कामकाज

## सुशासन का शिविर मॉडल बना जनता की पहली पसंद: सीएस

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सरकार के सुशासन अभियान को प्रदेशभर में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को जेडीए में 'शहरी सेवा शिविर-2026' का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और कहा कि जनता का उत्साह बताता है कि सरकारी सेवाएं अब लोगों के द्वार तक पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि 12 जून से 15 जुलाई तक चलने वाले इन विशेष शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएस ने मुख्यमंत्री के 'लास्ट माइल डिलीवरी' विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन को गांव-गांव पहुंचकर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने भी शिविर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को अधिकतम राहत प्रदान की जाए।



*जेडीए में सोमवार को आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 का अवलोकन करते मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास। साथ में हैं अतिरिक्त मुख्य सचिव (नगरीय विकास एवं आवासन विभाग) आलोक गुप्ता और जेडीसी सिद्धार्थ महाजन और जेडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी।*


### अब ट्रैफिक सुधार पर जेडीए का फोकस

जेडीए ने शहरवासियों को राहत देने के लिए दो बड़े मोर्चों पर एक साथ काम शुरू कर दिया है। एक ओर 104 शहरी सेवा शिविरों के जरिए 6,000 से अधिक लंबित आवेदनों के निस्तारण का अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी ओर जयपुर को ट्रैफिक सिग्नल फ्री शहर बनाने की तैयारी भी तेज हो गई है। सोमवार को मुख्य सचिव ने जेडीए में आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविरों का भी अवलोकन किया। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि प्रतिदिन चार जोनों में शिविर लगाए जा रहे हैं और इन्हें चार-चार बार दोहराया जाएगा। कुल 104 शिविरों के माध्यम से ट्रिपल-सी (CCC) सेवाओं से जुड़ी लंबित फाइलों का निपटारा किया जाएगा, जिन आवेदकों की फाइलें अंतिम चरण में हैं, उन्हें मैसेज भेजकर बुलाया जा रहा है और मौके पर ही ऑनलाइन अनुमोदन देकर पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए महल रोड मॉडल पर न्यू सांगानेर रोड और सीकर रोड पर यू-टर्न आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। जेडीए का लक्ष्य वर्ष के अंत तक करीब 21 प्रमुख ट्रैफिक जंक्शनों को सिग्नल मुक्त करना है। रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर रेड लाइट बंद कर वैकल्पिक यू-टर्न व्यवस्था शुरू की जा चुकी है, जबकि कई स्थानों पर फ्री लेफ्ट टर्न विकसित किए जा रहे हैं। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि इसके अलावा 15 जुलाई के आसपास 24 प्रमुख जंक्शनों पर स्मार्ट निगरानी प्रणाली शुरू होगी। कंट्रोल रूम से कैमरों के जरिए निगरानी कर नियम तोड़ने वालों को चौराहों पर लगे स्पीकरों से तत्काल चेतावनी दी जाएगी। वहीं, जेएलएन मार्ग को जाम मुक्त और आधुनिक बनाने के लिए एसपीए दिल्ली की विशेषज्ञ टीम जवाहर सर्कल से अल्बर्ट हॉल तक ट्रैफिक और अर्बन प्लानिंग का नया खाका तैयार कर रही है। जयपुर को स्मार्ट, सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है।

## बेधड़क FIRST

### राहुल गांधी...ट्रेन टू कोटा...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक नई पहल के तहत दिल्ली से कोटा तक की यात्रा ट्रेन से करेंगे। इस दौरान वे आम यात्री की तरह सफर करते हुए रास्ते में यात्रियों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों और आम जनता से सीधे जुड़ना बताया जा रहा है। कोटा पहुंचने पर वे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। कुछ रेलवे स्टेशनों पर उनके स्वागत की तैयारियां भी की जा रही हैं। कोटा में छात्रों से संवाद के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा।



### सही समय पर नहीं मानी ममता ने कांग्रेस की बात

पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर नए राजनीतिक विश्लेषण सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के कुछ रणनीतिकारों ने पहले ही ममता बनर्जी को तृणमूल कांग्रेस के विलय को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, लेकिन उन्होंने उस पर सहमति नहीं जताई। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि यदि सही समय पर निर्णय लिया जाता तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान घटनाक्रम में उनके कई सांसद और विधायक दल बदलकर दूसरे राजनीतिक दल में शामिल हो गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की गजब की वर्किंग स्टाइल

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की कार्यशैली इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल के प्रचार-प्रसार अभियान में वे दिन-रात सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में वे स्वयं कार चलाकर देहरादून पहुंचे, जहां उनका पूरा दिन मैराथन कार्यक्रमों में बीता। शनिवार को व्यस्त दिनचर्या के बाद वे देर रात करीब 2 बजे दिल्ली पहुंचे। इसके कुछ ही घंटों बाद रविवार सुबह 6 बजे वे फिर जयपुर के लिए रवाना हो गए और दोपहर बाद वहां से जोधपुर पहुंचकर कार्यक्रमों में शामिल हुए।




### अतिरिक्त चार्ज पर जलदाय विभाग

जलदाय विभाग में इन दिनों प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग में चीफ इंजीनियर के 11 पदों में से 8 पर अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है, जबकि दो पद पूरी तरह रिक्त पड़े हैं। स्थिति यह है कि कई अधिकारी एक साथ दो-दो जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं, जिससे कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। जोधपुर में पदस्थ देवराज सोलंकी को जयपुर का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वहीं नीरज माथुर को भी दो पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भरतपुर में तैनात सुरेंद्र शर्मा जयपुर ग्रामीण क्षेत्र की जल व्यवस्था देख रहे हैं। इसी तरह चार एडिशनल चीफ इंजीनियरों को भी चीफ इंजीनियर का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। विभाग में कुछ अधिकारियों को एपीओ करने के बाद भी पदस्थापन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, जिससे प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं और कार्य निष्पादन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

### रामगढ़ बांध को हाई कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के दौरे का इंतजार

रामगढ़ बांध क्षेत्र में हुए अतिक्रमण और बहाव मार्ग में बाधाओं को लेकर हाई कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के आगामी दौरे का इंतजार बढ़ गया है। कमेटी पिछले निरीक्षण में सामने आए अवरोधों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करेगी। पिछले वर्ष 26 और 27 जून को हुए दौरे के दौरान कमेटी ने बांध के कैचमेंट एरिया में व्यापक निर्माण और अवरोध देखे थे, जिस पर गंभीर चिंता जताई गई थी। कमेटी सदस्य वीरेंद्र डांगी ने मौके पर मिली अनियमितताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को विस्तृत सूची सौंपी थी। इसमें नदी-नालों और जल प्रवाह क्षेत्र में चिह्नित 20 से अधिक बड़े अवरोध शामिल थे। आधा दर्जन से अधिक विभागों को इनके समाधान की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि पिछले दौरे के बाद भी कुछ नए निर्माण और अवरोध सामने आए थे। अब आगामी निरीक्षण में यह देखा जाएगा कि विभागों ने कितनी कार्रवाई की है और रिपोर्ट कितनी वास्तविक है।



### एक फ्रेम में मदन राठौड़ और जोराराम कुमावत

मारवाड़ की राजनीति में लंबे समय से चली आ रही हल्की खींचतान के बीच भारतीय जनता पार्टी ने एकता का बड़ा संदेश दिया है। एक ही फ्रेम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मंत्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी ने सियासी हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। पाली और सुमेरपुर क्षेत्र में दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की बातें अक्सर सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार पार्टी ने सकारात्मक एकजुटता का संदेश दिया है।

### ये लीजिए, नप गए गामा

एक नामी भोलेनाथ मंदिर क्षेत्र में तैनात SHO गामा साहब को कार्यशैली में लगातार लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोपों के बाद पुलिस लाइन कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। यह उनकी पहली पोस्टिंग थी, लेकिन शुरुआती दिनों में ही उनके व्यवहार को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। बताया जाता है कि ड्यूटी के दौरान सरकारी वाहन में काला चश्मा लगाकर चलना और सख्त छवि दिखाने की कोशिशें भी चर्चा में रही। शुरुआत में अधिकारियों ने कई गलतियों को नजरअंदाज किया और सुधार का मौका दिया लेकिन लगातार लापरवाही और कार्य में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं होने पर स्थिति बिगड़ती चली गई। कई बार चेतावनी के बावजूद व्यवहार में बदलाव नहीं देखा गया। सूत्रों के अनुसार, कार्य के प्रति ढिलाई और आदेशों की अनदेखी को देखते हुए उन्हें DISOBEDIENT श्रेणी में रखा गया। इसके बाद उच्च अधिकारियों ने उन्हें थाने से हटाकर पुलिस लाइन कार्यालय में रिपोर्ट करने के निर्देश जारी कर दिए। इस घटनाक्रम के बाद इलाके में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज है।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।